दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा गुरुवार 20 फरवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 534



## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहार चुनाव से पहले जेडीयूको किस बात का सताया डर! कहा– 'बड़ा–छोटा भाई जैसा राजनीति में'

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार में चुनावी साल में सियासी हलचल तेज होने लगी है. एक तरफ जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह और एनडीए मुख्यमंत्रियों की बैठक में नहीं जा रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ अब जेडीयू नीतीश के नेतृत्व, सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी पर दवाब बनाना शुरू कर दिया है. जिससे सवाल खड़े हो रहे है कि आखिर जदयू को किस बात का डर सता रहा है?

**जनता को नीतीश का चेहरा पसंद है:** जबकि साल 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में बिहार के 243 विधानसभा क्षेत्रों में जदयू को 74 सीटों पर बढ़त मिली थी, जबकि बीजेपी को 68 सीटों पर बढ़त मिली. जदयू का स्ट्राइक रेट ज्यादा अच्छा था. इसी बीच जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने कई वर्षों से साबित किया है कि नीतीश का चेहरा उनको पसंद है. नीतीश जब भी नेतृत्व करते हैं जनता आशीर्वाद देती है. नीतीश के नेतृत्व में एनडीए का परिणाम विधानसभा चुनाव में अच्छा रहेगा. लोकसभा चुनाव में क्या नतीजे रहे वो जगजाहिर है।

**बड़ा छोटा भाई जैसा राजनीति में नहीं होता:** जदयू नेता ने कहा कि जनता का रुझान हमारे नेता नीतीश कुमार, हमारी पार्टी, हमारे गठबंधन की ओर है. जनता अपने आशीर्वाद से बड़ा बनाती है. जनता मौका देती है. नीतीश को जनता ने हमेशा काम का मौका, आशीर्वाद दिया. आगे भी देगी. मीडिया से बातचीत के दौरान जब अभिषेक झा से पूछा गया कि बीजेपी हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली जीत गई। क्या बीजेपी नहीं चाहेगी की वह बिहार में अब बड़े भाई की भूमिका में आए. इसपर उन्होंने कहा कि बड़ा छोटा भाई जैसा राजनीति में नहीं होता है। गठबंधन में हर दलों की ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की महत्वाकांक्षा होती है. बता दें बिहार में जदयू तीसरे नंबर की पार्टी है. बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है फिर भी जेडीयू के नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया हुआ है. हिंदी पट्टी में बिहार ही ऐसा राज्य है जहां बीजेपी का मुख्यमंत्री नहीं बना है. वैसे बिहार में जदयू हमेशा बड़े भाई की भूमिका में रही है. बीजेपी के मुकाबले ज्यादा सीटों पर लड़ी है.

# भाजपा नेताओं ने पार्टी नेतृत्व द्वारा दिल्ली के सीएम पद का उम्मीदवार चुनने पर जताया विश्वास

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** बुधवार को होने वाली भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली विधायकों की बैठक के साथ, पार्टी नेताओं ने नेतृत्व में एक योग्य उम्मीदवार चुनने का भरोसा जताया। दिल्ली के सीएम और अन्य कैबिनेट मंत्रियों को अंतिम रूप देने के लिए आज भाजपा विधायकों की बैठक होने वाली है, कल (20 फरवरी) दोपहर 12 बजे रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण होगा।

हमारे संवादाता के अनुसार बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, एनडीए नेता, केंद्रीय मंत्री और अन्य प्रमुख हस्तियां समारोह में शामिल होंगी।

बैठक से पहले, विधायक और भाजपा नेता मोहन सिंह बिष्ट ने सीएम चुने जाने के बाद नई विधानसभा के संभावित अध्यक्ष के रूप में चुने जाने की अपनी संभावनाओं के बारे में बात की। उन्होंने कहा, पार्टी इसका फैसला करेगी। यह सच है कि भाजपा का कोई दिल्ली का कार्यकर्ता ही मुख्यमंत्री का चेहरा होगा। पार्टी जिम्मेदारी सौंपेगी...अगर मैं (मुख्यमंत्री) बनूंगा, तो मैं देखूंगा कि क्या करना है।

यदि उन्हें अध्यक्ष चुना जाता है, तो उन्होंने कहा, मेरी प्राथमिकता सदन का सुचारू संचालन और सदन में दिल्ली के महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाना होगी। भाजपा विधायक रेखा गुप्ता ने कहा, आज की बैठक (भाजपा विधायक दल की बैठक) आज शाम को होगी। कल दिल्ली में भव्य शपथ समारोह होगा...जिस 'राम राज्य' की कल्पना की गई थी, वह 27 साल बाद शपथ लेगा। भाजपा के एक अन्य सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा के एक सप्ताह से अधिक समय बाद भी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित न किए जाने की आलोचना पर आम आदमी पार्टी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, यह 'बारात' या 'मंडप' के बारे में नहीं है। उन्हें नहीं पता कि 'बारात' क्या होती है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व जो भी तय करेगा...वह उचित विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा।

उन्हें हमें बताना चाहिए कि उनके 22 विधायकों में से कौन एलओपी होगा – गोपाल राय या आतिशी। भाजपा ने आप की आलोचना ऐसे समय में की है जब आप नेता गोपाल राय ने शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों की तुलना 'मंडप' से की है, जिसमें दूल्हे के बारे में किसी को पता नहीं है। राय ने कहा, इस देश में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें बनी हैं, लेकिन पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि 'बारात' तैयार है, 'मंडप' भी तैयार है, लेकिन किसी को नहीं पता कि दूल्हा कौन होगा।

## सीएम को लेकर विधायक मोहन सिंह बिष्ट का बड़ा बयान, कहा– बीजेपी कार्यकर्ता ही होगा दिल्ली का सीएम




**लोक तंत्र की आवाज़**

● 20 फरवरी को लगभग 12:05 पर मुख्यमंत्री का शपथग्रहण कार्यक्रम होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 27 साल बाद वापसी करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार गठन की प्रक्रिया तेज़ हो गई है, जहां सबकी जुबान पर एक ही सवाल है कि आखिर दिल्ली का मुख्यमंत्री कौन होगा। दिल्ली में शपथग्रहण को लेकर रामलीला मैदान में तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। 20 फरवरी को लगभग 12:05 पर मुख्यमंत्री का शपथग्रहण कार्यक्रम होगा. इस बीच मुस्तफाबाद से छठी बार विधायक चुने गए मोहन सिंह बिष्ट ने दिल्ली सीएम को लेकर एक बड़ा बयान दिया है।

दरअसल, एक न्यूज चैनल से बात करते हुए बीजेपी विधायक ने ये स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री पद का निर्णय पार्टी नेतृत्व द्वारा किया जाएगा, और जो भी मुख्यमंत्री बनेगा, वह भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता होगा। मोहन सिंह बिष्ट ने अपने समर्थकों द्वारा मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग को जनभावना का प्रतीक बताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि उन्होंने कभी पार्टी से किसी पद की मांग नहीं की है। उनका मानना है कि पार्टी जो भी जिम्मेदारी सौंपेगी, उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

बता दें कि भाजपा के 48 नवनिर्वाचित विधायक केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में विधायक दल के नेता का चुनाव करेंगे, जो अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इस प्रक्रिया के माध्यम से पार्टी एक ऐसे नेता का चयन करेगी, जो दिल्ली की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरे और विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए। इस बीच, दिल्ली की जनता और राजनीतिक हलकों में उत्सुकता बनी हुई है कि भाजपा अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में किसे चुनती है, और यह निर्णय कुछ समय बाद स्पष्ट हो जाएगा।

# जो व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ है, वह न जाने क्यों..., सीएम नीतीश कुमार पर राजद सांसद सुधाकर सिंह का निशाना

**लोक तंत्र की आवाज़**



**कैमूर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'प्रगति यात्रा' पर राष्ट्रीय जनता दल सांसद सुधाकर सिंह ने तीखा हमला बोला है। बक्सर से सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार के शासन में रहना पूरे राज्य का अपमान है, जो व्यक्ति मानसिक रूप से अस्थिर और अस्वस्थ है, वह न जाने क्यों घूम रहा है। शायद वह अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में प्रायश्चित की यात्रा पर है. उनके इस तरह के सार्वजनिक भ्रमण से राज्य की जनता को कोई लाभ नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का यह भ्रमण सिर्फ दिखावा है. बिहार की जनता को बदलाव और विकास की आवश्यकता है, जो इस तरह की यात्रा से संभव नहीं हो सकता. राजद सांसद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने क्षेत्र में 600 करोड़ रुपये का स्टेडियम बनवाया गया. पिछले 20 साल में बिहार का एक-तिहाई पैसा केवल नालंदा में खर्च किया गया है. कैमूर जिले को इस दौरान कोई महत्वपूर्ण परियोजना या विकास नहीं मिला। सुधाकर सिंह ने कहा कि बिहार सरकार ने कैमूर के लिए 350 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का ऐलान किया, लेकिन यह राशि सिर्फ हवा-हवाई साबित हुई है. यह सिर्फ एक दिखावा है, जिसका कोई वास्तविक असर जमीन पर नहीं पड़ा है. उन्हें राज्य के अन्य हिस्सों में भी उतना ही ध्यान देना चाहिए, जितना वह अपने क्षेत्र में देते हैं।

बता दें कि मंगलवार को सीएम नीतीश कुमार ने 'प्रगति यात्रा' के दौरान कैमूर जिले में 345.50 करोड़ रुपये की लागत की 169 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया. भ्रमण के दौरान कैमूर जिले के मोहनिया प्रखंड के भरखर गांव में विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया. भरखर में पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण, प्राथमिक विद्यालय भरखर के जीर्णोद्धार कार्य एवं आंगनबाड़ी केंद्र के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया तथा ब्रह्म बाबा स्थान के सामने तालाब में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत निर्माण कराए गए छठ घाट का उद्घाटन किया। इसके साथ मुख्यमंत्री ने महादलित सामुदायिक भवन का भी उद्घाटन किया. कैमूर के अधौरा प्रखंड में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के स्थल का निरीक्षण किया तथा नवनिर्मित स्टेडियम एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया.

# बिहार में कांग्रेस करेगी वापसी? राहुल गांधी ने नहीं खरगे ने बनाया ऐसा 'प्लान', नहीं लगाने होंगे दिल्ली के चक्कर

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी में चुनाव हुए तो एक बार फिर कांग्रेस पार्टी अपना खाता तक नहीं खोल पाई. 15 साल दिल्ली में सत्ता संभालने के बाद अब अगले 15 साल कांग्रेस को विधानसभा से भी बाहर रहना होगा. यही वजह है कि राहुल गांधी की कार्य-कुशलता पर भी लगातार सवाल उठ रहे हैं. अब दिल्ली के बाद सबका फोकस इस साल के अंत में होने वाले बिहार चुनाव पर है.

इस बार कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व बिहार चुनाव के लिए राहुल गांधी नहीं बल्कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे करते हुए नजर आ रहे हैं. खरगे ने बिहार चुनाव को लेकर पूरा प्लान तैयार भी कर लिया है। मल्लिकार्जुन खरगे आज बिहार के महासचिवों और प्रभारियों के साथ बैठक करने जा रहे हैं. यह बैठक आज सुबह 10 बजे दिल्ली स्थित कांग्रेस के नए मुख्यालय में होगी.

इस दौरान जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए मेहनत करने की ताकीद की जाएगी. महासचिव और प्रभारी से कहा जाएगा कि वो राज्य के सचिवों से संपर्क में रहें. राज्यों का दौरा करें. वहीं, कार्यकर्ताओं व नेताओं से मिलें ताकि जिला स्तर के या राज्य के नेताओं को अपनी बात कहने के लिए दिल्ली का चक्कर न लगाने पड़ें. सचिव स्तर के नेता अपने प्रभार वाले राज्यों/क्षेत्रों में रहें और उनको दिल्ली का चक्कर न काटने की नसीहत भी दी जाएगी.

**राहुल गांधी ने क्यों बनाई दूरी?**

अब सवाल यह उठता है कि कांग्रेस पार्टी में उर्जा भरने का काम आखिरी मल्लिकार्जुन खरगे क्यों कर रहे हैं. यह जिम्मेदारी तो आमतौर पर राहुल गांधी उठाया करते थे. दरअसल, राहुल गांधी का कद पिछले कुछ सालों में कांग्रेस पार्टी को लगातार मिल रही हार के बाद घटा है. साल 2023 के अंत में पहले कांग्रेस पार्टी को राजस्थान, मध्य प्रदेश में करारी शिकस्त झेलनी पड़ी. फिर पिछले साल जम्मू-कश्मीर से लेकर हरियाणा और महाराष्ट्र में पार्टी का परफॉर्मेंस बेहद खराब रहा. इंडिया गठबंधन के साथी भी राहुल गांधी को गठबंधन में बड़ी जिम्मेदारी देने के पक्षधर नहीं हैं. ऐसे में इस वक्त पार्टी चीफ यानी मल्लिकार्जुन खरगे इस जिम्?मेदारी संभाल रहे हैं।

# हेमंत सोरेन ने 289 को दी सरकारी नौकरियों की सौगात

● हायर एजुकेशन के लिए किया बड़ा काम

**लोक तंत्र की आवाज़**



**रांची।** उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड के विकास में नया अध्याय जोड़ा जा रहा है. मुख्यमंत्री झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना चाहते हैं. उनके नेतृत्व में युवाओं को रोजगार मिल रहा है. नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि शहरों की आधारभूत संरचना मजबूत की जा रही है. राज्य सरकार शहरी विकास के मानकों के आधार पर निकायों को संचालित करने की कोशिश कर रही है।

**शहरों में आधारभूत संरचना का विकास करना जरूरी:** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि राज्य की एक चौथाई आबादी शहरों में निवास करती है. शहरी क्षेत्र राज्य के विकास का चेहरा होता है. निकायों में आधारभूत संरचना जैसे सड़क, नाली, ट्रांसपोर्टेशन की चुनौती सामने खड़ी है. ग्रामीण क्षेत्रों से आजीविका की तलाश में शहर की ओर आ रहे लोगों की वजह से शहरों की भौगोलिक संरचना चुनौती के रूप में उभरी है. उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में तकनीकी लोगों की जरूरत है. इस वजह से राज्य में पहली बार सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति की जा रही है. नवनियुक्त अभ्यर्थी पूरी लगन से कार्यों को अंजाम देकर शहरों के विकास में राज्य सरकार का साथ दें. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास सचिव सुनील कुमार, सूडा के निदेशक अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व नवनियुक्त अभ्यर्थी उपस्थित थे।

**नगर विकास के विभिन्न पदों पर इन्हें दिया गया नियुक्ति पत्र:** गार्डन अधीक्षक के नौ, वेटनरी ऑफिसर के आठ, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर के 12, सेनेटरी सुपरवाइजर के 42 ,राजस्व निरीक्षक के 174 व विधि सहायक के 44 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया।

# सीएम नीतीश को कुर्सी पर बनाए रखना बीजेपी की मजबूरी : प्रशांत किशोर

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कुर्सी पर बनाए रखना उसकी मजबूरी है। किशोर ने सोमवार को नीतीश कुमार हमला बोलते हुए कहा कि वह अब सत्ता से हटने का नाम नहीं ले रहे हैं और भाजपा भी उन्हें हटाने में असमर्थ है, लेकिन बिहार की जनता नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने के लिए कमर कस कर बैठी है।

**नीतीश कुमार को कुर्सी पर बनाए रखना भाजपा की मजबूरी– प्रशांतकिशोर:** प्रशांत किशोर ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश कुमार को कुर्सी पर बनाए रखना उसकी मजबूरी है। यदि भाजपा दिल्ली में अपनी सरकार बचाना चाहती है तो उसे नीतीश कुमार को कुर्सी पर बैठाए रखना होगा और नीतीश कुमार को कुर्सी पर बनाए रखना हैं तो बिहार छूट जाना हैं। किशोर ने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार की जनता उनके कामकाज से नाखुश है और यह असंतोष अगले चुनावों में साफ दिखाई देगा।

**अब बिहार की जनता सीएम नीतीश को सिखाएगी सबक:** पीके ने कहा कि नीतीश कुमार ये बात नहीं कर रहे है कि ऐसी व्यवस्था बने की गुजरात में फैक्ट्री लगे या ना लगे, पहले मोतिहारी, छपरा, गोपालगंज में फैक्ट्री लगना चाहिए। उन्होंने जनता से पूछा कि क्या उन्होंने किसी अखबार में यह खबर देखी है कि नीतीश कुमार बिहार के हर जिले में फैक्ट्री लगाने की मांग कर रहे हैं। अब बिहार की जनता उन्हें ऐसा सबक सिखाएगी कि सत्ता में वापसी के सारे रास्ते बंद हो जाएंगे।

# अच्छे से इलाज करूंगा...', नीतीश के विधायक ने चिराग के सांसद को धमकाया, बिहार एनडीए में छिड़ी 'महाभारत'?

**लोक तंत्र कीआवाज**



**पटना।** बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. चुनावी साल में एनडीए अपनी एकजुटता को दिखाने में जुटा है. बिहार एनडीए में शामिल सभी दलों के नेता संयुक्त यात्रा निकाल रहे हैं. वहीं दूसरी ओर खगड़िया जिले में एनडीए बिखरता हुआ नजर आ रहा है. यहां नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के विधायक डॉ. संजीव कुमार और चिराग पासवान के सांसद राजेश वर्मा आपस में भिड़ गए हैं. बात गाली-गलौज तक पहुंच गई. जानकारी के मुताबिक, सारा बखेड़ा खगड़िया में बन रहे मेडिकल कॉलेज को लेकर मचा हुआ है. इस मेडिकल कॉलेज का क्रेडिट लेने के लिए दोनों नेताओं ने जुबानी जंग में सारी सीमाओं को पार कर दिया है. दोनों की बयानबाजी की सियासी गरमी राजधानी पटना तक पहुंच रही है. सियासी जानकारों का कहना है कि एनडीए ने बात को अभी नहीं संभाला तो विधानसभा चुनावों में दिक्कत हो सकती है।

बताया जा रहा है कि इस विवाद की नींव माघी पूर्णिमा यानी 12 फरवरी के दिन पड़ी. उस दिन परबत्ता प्रखंड के सियादतपुर अगुवानी पंचायत स्थित डुमरिया बुजुर्ग गांव में आयोजित घुड़दौड़ प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि खगड़िया सांसद राजेश वर्मा थे. जहां सांसद राजेश वर्मा ने कहा था कि जो लोग मुझे बाहरी कहते थे, ये बड़े लोग चुनाव के बाद खुद बाहर हो जाएंगे. सियासी जानकारों के अनुसार, उनका इशारा परबत्ता विधायक डॉ. संजीव कुमार की ओर था. इसके बाद 15 फरवरी को संजीव कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए सांसद राजेश वर्मा का नाम लिए बिना ही उन पर जबरदस्त पलटवार किया। इस दौरान विधायक संजीव कुमार ने सांसद राजेश वर्मा को गीदड़, चिरकुट, चोर, जैसे अपशब्दों से नवाजा. विधायक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए उन्होंने मेहनत की लेकिन ऐसे लोग जिनका अभी राजनीतिक दूध का दांत भी नहीं टूटा है,

# भारत के मुस्लिमो को जिहादी कहते हो! विदेशी मुसलमानों को गले लगाते हो : अबू आजमी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी अपने भारत दौरे पर हैं, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक चर्चाएं भी हो रही हैं।

**अबू आजमी ने कहा:** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दुनियाभर के मुस्लिम देशों के अमीरों और शेखों के साथ आत्मीयता दिखाते हैं, लेकिन देश के मुस्लिम नागरिकों के प्रति उनकी नीति अलग नजर आती है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह रवैया केवल अंतरराष्ट्रीय छवि बनाने के लिए है? इसके साथ ही अबू आजमी ने तेलंगाना सरकार के उस फैसले का समर्थन किया, जिसमें रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को काम के घंटों में रियायत देने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि अगर हिंदू धर्म के अनुयायियों को नवरात्रि में विशेष छूट दी जाती है तो इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

**लव जिहाद का किया जिक्र:** लव जिहाद के मुद्दे पर बोलते हुए अबू आजमी ने कहा कि प्रेम विवाह व्यक्ति का निजी अधिकार है और इसे धर्म से जोड़ना उचित नहीं। उन्होंने मुस्लिम युवाओं से अपील की कि वे गैर-मुस्लिम लड़कियों से विवाह करने से बचें, क्योंकि मौजूदा सरकार ऐसे मामलों को तूल देकर कानूनी कार्रवाई कर सकती है। मस्जिदों में लाउडस्पीकर विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यदि ध्वनि प्रदूषण की बात की जाए तो हवाई अड्डों पर उड़ान भरते विमान, शादियों में बजने वाले डीजे और मंदिरों में होने वाली आरती को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ किसान दिवस



**सीतापुर।** जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार सीतापुर में किया गया। कार्यक्रम मे कृषि एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ ही विभिन्न विकास खण्डों के किसान एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।सर्वप्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी सीतापुर द्वारा उपस्थित समस्त किसान एवं किसान संगठन के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी के द्वारा बैठक में उपस्थित कृषको को वर्तमान समय मे फसलों मे लगने वाले रोग/कीट से फसलों को बचाने हेतु आवश्यक सुझाव दिये। भूमि संरक्षण अधिकारी सीतापुर ने कृषक भाईयों को गत माह के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण आख्या को पढ़कर सुनाया। गत माह मे प्राप्त दस शिकायतों के सापेक्ष आठ शिकायतों का निस्तारण हो पाया।आज की बैठक में कृषकों द्वारा अधिकतर शिकायतों विद्युत विभाग,नहर विभाग,सिंचाई विभाग,विकास खण्ड स्तर से सम्बन्धित की गयी। उक्त आज प्राप्त शिकायतों को अध्यक्ष द्वारा सुना गया व सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी।

### पुलिस को मिली सफलता दो शराब तस्कर गिरफ्तार



**घनश्याम तिवारी**

**बलिया।** सिकन्दरपुर पुलिस द्वारा शराब की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार उनके कब्जे से कुल 180 अदद पाउच (मात्रा 36 ली0) बन्टी-बबली ब्रांड की अवैध देशी शराब बरामद पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर गौरव कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर पुलिस को मिली सफलता । बुधवार को थाना सिकन्दरपुर प्रभारी निरीक्षक विकास चन्द पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना के आधार पर कठौड़ा सरकारी देशी शराब के ठेके के पीछे बगीचे कठौड़ा से1. श्रीभगवान व 2. सत्येन्द् राजभर के कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में 04 कार्टून में 180 पाउच कुल 36 ली0 देशी निर्मित बन्टी बबली ब्रांड अवैध शराब के साथ समय अपराह्न 3 बजे गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-44/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### बिजनौर : सांसद इमरान मसूद चेयरमैन फैसल वारसी से आए मिलने. वर्तमान स्थितियों पर भी हुई चर्चा



**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

**स्योहारा।** चेयरमैन फैसल वारसी के यूं तो राजनीति की तमाम हस्तियों से मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं लेकिन कुछ हस्तियों से उनके बेहद नजदीकी रिश्ते भी है ऐसे ही एक हस्ती हैं कांग्रेस से सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद जो सोमवार को एक बार फिर फैसल वारसी से मिलने आए और उनसे निजी मुलाकात करते हुए वर्तमान की राजनीति स्थिति पर भी चर्चा की। साथ ही इमरान मसूद ने कहा कि चेयरमैन फैसल वारसी एक निष्ठावान और बेहद ऊर्जावान जन प्रतिनिधि हैं जो हमेशा अपने शहर और आवाम की फिक्र करते हुए यहां की तरक्की के बारे में ही बात करते हैं साथ ही उन्होंने बताया कि फैसल वारसी अपने शहर के लिए ऐसी तमाम आधुनिक सुविधाएं लेकर आ रहे हैं जो बड़े शहरों और महानगरों को ही मिल पाती हैं लेकिन फैसल वारसी के प्रयासों से अब स्योहारा भी जगमगाएगा। वहीं चेयरमैन फैसल वारसी ने सांसद इमरान मसूद का के प्रेम और सम्मान का आभार व्यक्त करते हुए उनका भव्य स्वागत करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपना बड़ा भाई और मार्गदर्शक बताया। इस मौके पर जुनेद मलिक. दानिश कोबरा. कासिम. अजीम. फैसल हिलाल. वारिस चौधरी, आदि भी मौजद रहे।

# बिजनौर में जनमानस एवं आवागमन करने वाली वाहनों को जल्द मिलने जा रही है सुगम सुविधा की सौगातः डीएम

**लोकतंत्र की आवाज़**

रिपोर्ट राजेंद्र चौहानडीएम सविन बसंल के निर्देशन के अनुपालन में सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत आईएसबीटी पर यातायात व्यवस्था सुचारू करने व छोटे वाहनो हेतु पार्किंग निर्माण कार्य तथा कारगी चौक की तरफ यूटर्न हेतु फ्लाईओवर सुधारीकरण कार्य को पूर्ण कर लिया गया है, जनमानस को सुगम सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी स्वयं मॉनिटिरिंग करते रहे हैं, साथ ही निर्माणधीन कार्यो का डीएम एवं एसएसपी कई बार निरीक्षण कर, कार्यों को तेजी से पूर्ण करने हेतु संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आईएसबीटी में हो रही जनमानस को समस्या के चलते, डीएम श्री बंसल ने आईएसबीटी पर यातायात प्लान के सुधारीकरण की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में आईएसबीटी पर सुधारीकरण कार्य धरातल पर उतारे गए हैं। जल्द ही इन सुविधाओं को जनमानस को विधिवत् समर्पित कर दिया जाएगा। आईएसबीटी क्षेत्र के बाहर वाहनों द्वारा यात्रियों को बैठाने तथा उतारने से भी यातायात प्रभावित हो रहा था, जिसे अब बंद कर दिया गया है, वाहन में यात्रियों को बैठाने व उतारने हेतु स्थल निर्धारित कर दिया गया है। नियमों का पालन न करने वालों के वाहन सीज किये जा रहे तथा बार-बार ऐसा कृत्य करते पाए जाने पर लाईसेंस निलंबित की कार्यवाही की जा रही है।




आईएसबीटी फ्लाई ओवर के नीचे जंक्शन प्वांईट पर निरंजनपुर मण्डी की तरफ आने वाले ट्रेफिक प्लान में सुधार करते हुए निरंजनपुर मण्डी से दुपहिया एवं चार पहिया हल्के वाहनों को निरंजनपुर मण्डी की तरफ से फ्लाई आवेर के माध्यम से जंक्शन आईएसलैण्ड से कारगी चौक की तरफ संचालित डायवर्ट कर, आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड़ एवं जंक्शन प्वांईट पर यातायात दबाव कम करने का प्रयास किया गया है। वहीं आईएसबीटी प्लाईओवर पर पूर्ण सुरक्षा उपाय करते हुए कारगी की ओर लेफ्ट टर्न कर दिया गया है। आईएसबीटी पर 4 पार्किंग कलर कोड में का कार्य पूर्ण हो गया है।

जिलाधिकारी ने आईएसबीटी में संचालित अव्यवस्था से जनमानस को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए, आवागमन करने वाले समुचित व्यवस्था को सुगम करने के लिए अभिनव प्रयास किया है। जिसके चलते आईएसबीटी में यातायात संचालन एवं समुचित सुविधा को व्यवस्थित रूप में संपादित होने जा रही है।

# सीतापुर में जंगल के राजा का आतंक,ग्रामीणों में दहशत का माहौल





**लोक तंत्र कीआवाज**

**सीतापुर।** जिले में जंगल के राजा (बाघ) का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते कुछ दिनों से यह खूंखार शिकारी नदियों के कछारों में अपना बसेरा बनाए हुए है और लगातार कई ब्लॉकों में मवेशियों को तो निशाना बनाया ही है और पलक झपकते इंसानों पर भी हमलावर हो जाते हैं। बाघ के भय से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है,और लोग शाम होते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं। मिली जानकारी के अनुसार,बाघ ने अब तक कई गांवों में बकरियों और गायों पर हमला कर उन्हें अपना शिकार बना लिया कई जगह खूंखार अनेकों लोगों को घायल भी कर चुका है।खासकर कमलापुर रेउसा,मछरेहटा,महोली और सदरपुर ब्लॉक में इसके हमले की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय बाघ अक्सर खेतों और गांवों के किनारे आ जाता है, जिससे लोगों में डर का माहौल बना हुआ है।

**वन विभाग की लापरवाही से बढ़ी परेशानीः** ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग को सूचना दी, लेकिन अब तक बाघ को पकड़ने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वन विभाग की टीम कभी-कभी इलाके का निरीक्षण कर लौट जाती है,लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई जा रही है। इस लापरवाही के कारण ग्रामीणों को खुद ही सतर्क रहना पड़ रहा है।


**ग्रामीणों ने मांगी सुरक्षाः** गांव वालों ने प्रशासन से बाघ को पकड़ने और इलाके में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। यदि जल्द ही इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई,तो स्थिति और भयावह हो सकती है। फिलहाल, लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं और रात में घरों से बाहर निकलने से भी बच रहे हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से गुलदार की मौतः शरीर के कई टुकड़े हुए

**लोकतंत्र की आवाज़**

**रिपोर्ट जसवीर सिंह**

उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनोर की तहसील नजीबाबाद के क्षेत्र में एक दर्दनक हादसा हो गया जिसमें बताया जा रहा है एक गुलदार गांगन नदी पुल पर घूम रहा था तभी अचानक मुर्शदपुर रेलवे स्टेशन के पास गांगन नदी पुल पर नर गुलदार (तेंदुआ) ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना में गुलदार की मौके पर ही मौत हो गई। नजीबाबाद-मुर्शदपुर रेलवे स्टेशन के बीच स्थित पुल पर गुलदार टहल रहा था। पुल की ऊंचाई अधिक होने के कारण वह कूद नहीं पाया। ट्रेन की टक्कर से गुलदार की गर्दन और एक टांग शरीर से अलग हो गई। सीनियर रेल पथ निरीक्षक धर्मेश कुमार ने वन विभाग कोसूचना दी। सामाजिक वानिकी के



डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग ने गुलदार के शव को अपने कब्जे में ले लिया।पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएम सिंह की देखरेख में तीन चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। मृत गुलदार की उम्र लगभग 6 वर्ष बताई गई है।

# न्यायिक अधिकारियों ने वृद्धा आश्रम व शेल्टर होम का औचक निरीक्षण किया

**लोक तंत्र की आवाज**

**उरई।** माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार दिनांक 19.02.2025 को न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित ''वृद्धाश्रम'' एवं मु0 लहरियापुरवा स्थित ''आश्रय-गृह'' का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी कर्मचारीगण को दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा। पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर



के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 110 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के अनुसार सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफ नर्स उपस्थित थीं। संवासियों की चिकित्सा/ प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवायें मिली। पूछे जाने पर किसी भी संवासी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। नगर पालिका परिषद उरई जनपद जालौन के सहयोग से मु0 लहरियापुरवा में लखनऊ के एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित आश्रय गृह (शेल्टर होम) में न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर जांच-पड़ताल की। निरीक्षण समय में रात्रिकालीन स्टाफ व प्रबन्धक को छोड़कर समस्त कर्मचारी उपस्थित मिले। जिसके बारे में पूछे जाने पर केयर टेकर द्वारा बताया गया कि प्रबन्धक नगर पालिका परिषद उरई गये हुये हैं। यहां की आश्रित पंजिका में निरीक्षण तिथि में कोई भी आश्रित उपस्थित नहीं मिला। यहां के कमरों का निरीक्षण करने पर कही-कही पर मकड़ी के जाले लगे मिले। जिसके बारे में पूछे जाने पर आश्रय गृह केयर टेकर द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई का कार्य चल रहा हैं। निरीक्षण करने वाली इस अनुश्रवण समिति में अपर जिला जज प्रथम श्री शिवकुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज श्री राजीव सरन एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक खरे शामिल रहे तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन स्थान उरई के लिपिक श्री शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

# बिजनौर पुलिस ने कच्ची शराब बनाने की भट्टे सहित एक आरोपी को 250 लीटर कच्ची शराब बरामद सहित दस हजार लीटर लाहन बरामद कर जेल भेजा

**लोकतंत्र की आवाज**



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**अफजलगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस ने शराब माफिया के खिलाफ अभियान चलाते हुए गांव लड्डू वाला रामगंगा नदी के किनारे जंगल में छापा मारा। इस दौरान उन्होंने कच्ची शराब बनाने की भट्ठी पकड़ ली। साथ ही एक आरोपी को मौके से दबोच लिया, पुलिस ने मौके से 250 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की है। इसके अलावा दस हजार लीटर लाहन पकड़कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। सोमवार को एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव लड्डूवाला रामगंगा नदी खादर के जंगल में छापा मारकर कच्ची शराब की भट्ठी पकड़ ली, जिसे पुलिस ने नष्ट कर दिया। मौके से 250 लीटर कच्ची शराब और दस हजार लीटर लाहन बरामद किया था, जिसे नष्ट कर दिया। इसके अलावा पांच कैन, दो ड्रम, दो पाइप रबड़, दो हांडी, दो एल्यूमीनियम के पाइप, एक फावड़ा, पन्नी सफेद रंग, लकड़ियां सहित शराब बनाने के उपकरण बरामद किए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया आरोपी ने पुलिस को अपना नाम अमरजीत सिंह उर्फ गेज्जू उम्र 33 वर्षीय पुत्र पूर्ण सिंह निवासी गांव लड्डुवाला उर्फ बावली थाना अफजलगढ़ बताया। उधर थानाध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि आरोपी अमरजीत सिंह उर्फ गेज्जू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। क्षेत्र में किसी भी कीमत पर कच्ची शराब नही बिकने दी जाएगी। उन्होंने कच्ची शराब बेचने व बनाने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाले टीम में थानाध्यक्ष सुमित राठी के आलावा उप निरीक्षक राजीव कुमार, उप निरीक्षक हिमांशु गोस्वामी, कांस्टेबल आकाश यादव, कांस्टेबल कृष्ण कुमार तथा कांस्टेबल शुभम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में एक मौत 3 घायल, बिजनौर में तीन अलग-अलग सड़क हादसे, सफाई कर्मचारी की मौत

**लोकतंत्र की आवाज़**

**रिपोर्ट जसवीर सिंह**

बिजनोर की तहसील बिजनोर में देर शाम तीन अलग-अलग सड़क हादसों में एक सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हो गए।पहला हादसा रेहड़ थाना क्षेत्र के अलीपुर मोहकमपुर में हुआ। जसपुर मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी गन्ने की ट्रैक्टर ट्राली से टकराने से ब्लॉक अफजलगढ़ कार्यालय में तैनात सफाई कर्मचारी चर्चिल कुमार (46) की मौत हो गई। चर्चिल देवीदूसरा हादसा हल्दौर इलाके में खासपुर के पास हुआ। तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार राम अवतार सिंह और छोटे सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को हल्दौर पीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर



होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। तीसरा हादसा नगीना इलाके के रायपुर रोड पर देर रात हुआ। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार कर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्वास्थ्य विभाग सीतापुर में उप केन्द्रों पर सफाई कर्मियों के मानदेय में बड़ा खेल, आशा व एनम के परिजनों के नाम पर निकाली जा रही रकम

**लोक तंत्र कीआवाज**

**सीतापुर राकेश पाण्डेय**

सीता पुर।जिले के स्वास्थ्य विभाग में सफाई कर्मियों के मानदेय को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है।उप केन्द्रों पर तैनात सफाई कर्मियों के रूप में आशा और एनम (अठट) के पति या पुत्रों के नाम से मानदेय निकाला जा रहा है।उन्हें हर महीने एक हजार रुपये का भुगतान कागजों में दिखाया जाता है,लेकिन यह राशि पूरी तरह से सफाई कर्मियों तक नहीं पहुंच रही है।

**तीन हिस्सों में बंटता है पैसाः** सूत्रों के अनुसार,यह राशि तीन हिस्सों में बंटती है। सम्बन्धित अधिकारियों, आशा/एनम और कुछ अन्य कर्मचारियों के बीच यह पैसा बांटा जाता है,जबकि सफाई कर्मी को पूरी राशि नहीं मिल पाती। यह गड़ बड़ी लंबे समय से जारी है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

**फर्जी नामों से निकाली जा रही राशिः** सूत्र बताते हैं कि सफाई कर्मियों के रूप में नाम तो स्थानीय आशा या एनम के पति-पुत्रों का दर्ज किया जाता है,लेकिन वास्तव में वे इस काम को नहीं करते। उनकी जगह कोई और सफाई कर्मचारी कार्य करता है,जिसे वास्तविक मेहनताने से वंचित कर दिया जाता है।

**जांच की मांगः** यह मामला सामने आने के बाद अब विभागीय जांच की मांग उठ रही है। अगर इस




मामले की सही तरीके से जांच की जाए,तो बड़ी वित्तीय अनियमितता का खुलासा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस घोटाले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# सीएम योगी निराश्रित गौवंश व आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को लेकर सख्त

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट रोहित कुमार**

**बिजनौर ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निराश्रित गौवंश और आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को लेकर नगर निगम और नगर पालिका के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इन बेजुबान जानवरों की देखभाल के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए। गौशालाओं की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश में संचालित गौशालाओं की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। निराश्रित गौवंश के लिए पर्याप्त चारा, पानी और दवा की उपलब्धता सुनिश्चित



करने के साथ ही उनके रहने की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी हालत में गौवंश को सड़कों पर न छोड़ा जाए, जिससे यातायात और लोगों की सुरक्षा पर असर न पड़े।आवारा कुत्तों की रोकथाम को प्रभावी योजना की जरूरत मुख्यमंत्री ने आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए नगर निगम और नगर पालिका को निर्देश दिया कि इस समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए नसबंदी और टीकाकरण अभियान को तेज किया जाए, ताकि जनमानस को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सख्ती से लागू होंगे नियम सीएम योगी ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि यदि किसी भी क्षेत्र में आवारा पशुओं की अनदेखी पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे गौवंश और अन्य पशुओं की देखभाल के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में सहयोग करें। मुख्यमंत्री के इस कदम से प्रदेश में निराश्रित गौवंश और आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने की उम्मीद की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सुरक्षा को लेकर बॉर्डर पर बैरिकेडिंग किया गया




लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के भागलपुर आगमन के अवसर पर अनुमंडल कहलगांव 2 के क्षेत्र अंतर्गत एवं बॉर्डर पर बैरिकेडिंग किया गया । होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, गेस्ट हाउस, रेस्ट हाउस, इत्यादि की लगातार जांच और छापामारी की जा रही है ।सत्यापन किया जा रहा है। दिनांक 22 से 24 फरवरी तक पूरी तरह से झारखंड से बड़े वाहनों का बिहार में प्रवेश मिर्जा चौकी बॉर्डर से पूर्णता बंद रहेगा। क्षेत्र में कार्यकर्ताओं को आने जाने को ध्यान में रखते हुए यातायात की व्यवस्था चुस्त रखने के लिए बड़े वाहनों का परिवहन दो दिन बंद रखना जाएगा । स्थानीय पूजा गेस्ट हाउस, इंडियन गेस्ट हाउस, के संचालकों मिलकर सहयोग की अपिल की गई।

### टीएलएम मेले में शिक्षकों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



लोकतंत्र की आबाज
खानपुर/समस्तीपुर। प्रखंड में श्रीपुरगाहर पश्चमी संकुल उमवि हाँसोपुर में संकुल स्तरीय विद्यालय का टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। जिसमे संकुल समन्वयक कैलाश कुमार महतो ने विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत की गईं टीएलएम की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षकों में प्रतिभा की कमी नही है। शिक्षिका सीमा कुमारी, कुमारी पूना, राजीव रंजन संजय कुमार, कुमारी नीतू,मेंहदी हसन,चंद्रकला यादव आदि ने अपनी अपनी टीएलएम की प्रस्तुति बच्चों के सामने की। निर्णायक मंडल में मृत्युंजय कुमार ठाकुर, हेमंत कुमार, हिमांशु, छोटन पासवान आदि उपस्थित रहे। वही मौके पर कुमार सानू, प्रतिभा कुमारी, रचना कुमारी, महेश माझी के अलावे विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।

### बिहार उद्यमी योजना के तहत 2 लाख रुपए सहायता का बंद पोर्टल खुला



लोकतंत्र की आबाज
समस्तीपुर। भाकपा माले के आंदोलन की बड़ी जीत हुई है। मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना अर्थात अत्यंत निर्धन परिवारों को 2 लाख रूपये सहायता राशि मिलने वाला बंद पोर्टल बुधवार से खुल गया है। अभी 5 मार्च तक के लिए खुली रहेगी। 2 मार्च को महाजुटान से इसे 31 मार्च तक के लिए जारी रखने का दबाव बनाया जाएगा।उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है। उन्होंने आगे कहा है कि भाकपा माले "दलित- गरीबों को गरीबी का आय प्रमाणपत्र दो" की मुहिम तेज करेगी। "अंचलों में जमा कराये गये आय प्रमाण-पत्र के लंबित आवेदनों का जल्दी निष्पादन करने करो" के नारे लगाते हुए 2 मार्च को पटना महाजुटान रैली में लोग पहुंचेंगे। विदित हो कि भाकपा-माले के राज्यस्तरीय आंदोलन के दबाव में बिहार सरकार ने 2 लाख रुपये की सहायता राशि देने के ऑनलाइन आवेदन का पोर्टल बुधवार से खोलने का आदेश दिया है।

# जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन 2025 का हुआ भव्य आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** स्तरीय मुखिया सम्मेलन 2025 का आयोजन आज सिद्धो कान्हो सभागार में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष एवं विभिन्न पंचायतों के सम्मानित मुखिया गण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस सम्मेलन में जिले के 163 पंचायतों के मुखिया, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बीआरपी (ब्लॉक रिसोर्स पर्सन), सीआरपी (क्लस्टर रिसोर्स पर्सन) सहित अनेक शिक्षा प्रेमी शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के विभिन्न पहलुओं, विद्यालयों में मुखिया की भूमिका, प्रशासनिक सुधार एवं शैक्षिक उन्नति पर गंभीर चर्चा की गई।

मुख्य वक्ता के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने कहा कि किसी भी विद्यालय के शैक्षणिक विकास एवं उसे एक आदर्श संस्थान के रूप में स्थापित करने में विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों, अभिभावकों तथा स्थानीय प्राधिकार के रूप में कार्यरत मुखिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा,बच्चे हमारे देश की निधि हैं। वे राष्ट्र के भावी कर्णधार हैं। शिक्षा में किया गया निवेश भविष्य में दूरगामी प्रभाव डालता है। इसलिए मुखिया को शिक्षा

● सिद्धो कान्हो सभागार में शिक्षा व नेतृत्व पर विमर्श

व्यवस्था में भागीदारी निभाने के लिए आगे आना चाहिए।जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने भी अपने संबोधन में कहा कि यदि मुखिया विद्यालयों में सक्रिय भूमिका निभाएं तो शैक्षिक उन्नति संभव है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर मुखिया और अभिभावकों को मिलकर शिक्षा में सुधार लाने हेतु विशेष प्रयास करने चाहिए।

सम्मेलन के दौरान सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी डॉली एवं जिला जेंडर कोऑर्डिनेटर शबनम तबस्सुम ने एक पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से मुखिया के अधिकार एवं कर्तव्यों की समुचित जानकारी दी। इस प्रस्तुति में बताया गया कि किस प्रकार मुखिया विद्यालयों में प्रभावी निगरानी रख सकते हैं, शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कर सकते हैं, विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता पर ध्यान दे सकते हैं तथा छात्रों के नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने में योगदान दे सकते हैं।

सम्मेलन में विभिन्न पंचायतों से आए चिन्हित मुखिया गण, जिन्होंने अपने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इन्हें स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विद्यालयों में नामांकन वृद्धि, ड्रॉपआउट दर में कमी, विद्यालयों के आधारभूत संरचना में सुधार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। सम्मेलन में उपस्थित कई मुखिया गण ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रमुख वक्ताओं में मुखिया जिया-उल-हक, इश्तियाक मस्जिद, बेबी शकीला खातून सहित अन्य लोगों ने शिक्षा की गुणवत्ता, पंचायतों में शैक्षिक योजनाओं के क्रियान्वयन, स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं शिक्षकों की भूमिका पर अपने विचार रखे।

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) रॉबिन चंद्र मंडल ने अपने संबोधन में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पंचायतों में विशेष अभियान चलाए जाएंगे, ताकि हर बच्ची को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। कार्यक्रम का संचालन संजय तिवारी ने किया, जिन्होंने पूरे सत्र को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी डॉली द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री मनीष कुमार (एसीपी) एवं प्रदीप कुमार मंडल का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनका सहयोग इस सम्मेलन को सुचारू रूप से संचालित करने में सहायक सिद्ध हुआ।

## उपायुक्त हेमंत सती ने की जिला आपूर्ति एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा, दिए महत्वपूर्ण निर्देश



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहिबगंज।** गोपनीय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति / सहकारिता / लैम्पस / पैक्स विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, डीलेशन की प्रक्रिया, गोदामों में सीसीटीवी कैमरे लगाने और धान अधिप्राप्ति से संबंधित विषयों पर गहन चर्चा की गई।

**डीलेशन कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश :** बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीलेशन की प्रक्रिया में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों का डाटाबेस अपडेट करना और अनावश्यक नाम हटाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उपायुक्त ने सभी ॲट को निर्देशित करते निर्धारित लक्ष्य दिया गया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि डीलेशन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए ।

**धान अधिप्राप्ति में गति लाने पर निर्देश:** धान अधिप्राप्ति से संबंधित जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए इस कार्य को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिप्राप्ति प्रक्रिया में किसी भी किसान को परेशानी न हो और यह सुनिश्चित किया जाए कि उनकी उपज का भुगतान समय पर हो। उपायुक्त ने कहा कि जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाए। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, सभी प्रखंडों के प्रखंड ॲट उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया पर अवैध हथियार का प्रदर्शन करना पड़ा महंगा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**इसुआपुर (सारण)।** सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराने वाले युवक को इसुआपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक कट्टा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 18 फरवरी 2025 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक युवक अवैध हथियार के साथ दिखाई दे रहा था। वीडियो के सत्यापन के बाद उसकी पहचान गोलू कुमार (पिता- योगेंद्र महतो, निवासी- केरवा, थाना- इसुआपुर, जिला- सारण) के रूप में हुई।

इसके बाद इसुआपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक कट्टा बरामद किया गया। इस मामले में इसुआपुर थाना में कांड संख्या- 36/25, दिनांक- 18.02.25 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-बी) ए/26 (८)/30/35 के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

छापेमारी टीम में इसुआपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। सारण पुलिस ने चेतावनी दी है कि हर्ष फायरिंग और अवैध हथियारों के प्रदर्शन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## मृतक के परिजनों को केंद्र व राज्य सरकार मुआवजा दे राजद नेता : अवनीश कुमार

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** बुधवार को बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉ चक्रपाणि हिमांशु एवं वरीय राजद नेता अवनीश कुमार बिहपुर प्रखंड के झंडापुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर 1 के अनिल शाह एवं 14 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी की दिनांक 13 फरवरी को कुंभ स्नान कर लौटने के क्रम में रात्रि में ट्रेन से दुर्घटना होने से मृत्यु हो जाने के बाद बुधवार को उनके परिजन पत्नी समेत दो बेटों से मिलकर घटना के प्रति शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को वरीय राजद नेता अवनीश कुमार के द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में 10000 रुपये दिए।

उनके बड़े लड़के जो पटना साइंस कॉलेज के जंतु विज्ञान के पार्ट 3 के छात्र पिता की मृत्यु के बाद पढ़ाई के लिए पैसे की अभाव में चिंतित थे उसे भी पढ़ाई के लिए सहयोग की हर संभव बात कही ।बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार अभिलंब मृतक परिजनों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए ।आज तक प्रखंड के पदाधिकारी मृतक के परिजनों से कोई सुधि नहीं लिया दुर्भाग्यपूर्ण है ।शोक व्यक्त करने वालों में नवगछिया पुलिस जिला राजद जिला अध्यक्षअलख निरंजन पासवान, प्रखंड अध्यक्ष किशोर प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष सतीश यादव, कपिल देव मंडल, मेंही दास, अंजार अंसारी, सुबोध यादव आदि शामिल थे ।

# विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए किसानों की बैठक

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**कहलगांव।** विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय निर्माण को लेकर भूमि अधिग्रहण से संबंधित बिहार सरकार ने ए. एन. सिन्हा संस्थान द्वारा कराए जा रहे सर्वेक्षण के दरमयान आज संस्थान के सर्वेक्षण का अंतिम चक्र में पंचायत भवन में किसानों के बीच एक सभा आयोजित हुई। इस सभा में किसानों ने अपनी अपनी बातें खुलकर रखी, तथा लिखित मांग पत्र भी समर्पित किया किसानों ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार किसानों के बीच बैठकर तथा स्थलीय जांच कर लिखित समझौता करें ,ताकि खाता 115 वाली जमीन की समस्याएं के अलावे भूमिहीन परिवार तथा उक्त निर्माण के लिए अधिग्रहण के बाद होने वाले भूमिहीन परिवार को आज की तिथि में बेची जा रही जमीन की कीमत का 4 गुना मुआवजा, बगीचा बाले को 99बर्षो तक विकने वाले बगीचे के फल का मुआवजा के साथ हर परिवार को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, घर विहीन होने वाले परिवार सहित भू विस्थापितों को मुफ्त बिजली, पानी और सड़कें की व्यवस्था की जाए।

साथ केंद्रीय विश्वविद्यालय निर्माण के अंतर्गत स्नातक से लेकर स्नाकोत्तर तक शोध, आईटीआई, इंजीनियरिंग, मेडिकल कालेज, लॉ, कृषि, सहित कई अन्य उच्च शिक्षा हेतु अलग-अलग संस्थान के कॉलेज भी खोले जाए ताकि हिंदुस्तान के पटल पर विक्रमशिला केंद्रीय विश्वविद्यालय का नाम हो और लोग देश-विदेश से उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु इस विश्वविद्यालय में आये ताकि यहां के लोगों को विभिन्न रोजगार सृजन होगा और रोजगार मिल सकेगा। कृषक ने अपनी यह भी मांगे रखी की पूर्व में विक्रमशिला खुदाई स्थल पर की गयी अधिग्रहित जमीन का किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला बल्कि उसपर वन विभाग के द्वारा पेड़ लगा दिया गया। उस स्थल पर पर्यटकों के लिए पर्यटक सुविधा को बढ़ावा देना चाहिए पर्यटन सुविधा मुहैया कराना चाहिए और संग्रहालय का भी विस्तार करना चाहिए।

ए एन सिन्हा संस्थान से आये शोध पदाधिकारी श्री सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल, सहायक शोध पदाधिकारी संतोष जायसवाल, मु० सुकरूद्दीन, निर्वाचित पदाधिकारी चंदन कुमार, भू- अर्जन की ओर से श्री चंद्रदीप सिंह, मुखिया श्रीमती ललिता देवी, उप मुखिया संजीत कुमार, समाजसेवी प्रवीण कुमार राणा, कृषक अरविंद कुमार कुशवाहा, महेंद्र मंडल, देवेंद्र सिंह, संजीव कुमार, संगीता कुमारी, रामनंद, शिवनारायण मंडल, भगवान झा, के आलावे सैकड़ो कृषक उपस्थित हुए।

# उधवा प्रखंड में 26 किसानों के बीच मधुमक्खी पालन यंत्रों का वितरण

● लघु एवं सीमांत किसानों के लिए आय का अच्छा साधन है

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** उद्यान विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में उधवा प्रखंड के मध्य प्यारपुर पंचायत में 26 किसानों के बीच मधुमक्खी पालन बक्सा एवं मधु निकासी यंत्र का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया रेशमा बीवी, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं सहायक मिट्टी रसायनज्ञ अभिजीत शर्मा ने संयुक्त रूप से वितरण किया।

जिला उद्यान पदाधिकारी ने बताया कि मधुमक्खी पालन लघु एवं सीमांत किसानों के लिए आय का अच्छा साधन है। यह कम लागत वाला घरेलू उद्योग है और पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाता है।

उन्होंने कहा कि चयनित पंचायतों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जाएगा, और भविष्य में बड़े पैमाने पर उत्पादन होने पर किसानों के समूह को सहकारिता के तहत पंजीकरण कराकर उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और विपणन किया जाएगा।

इस अवसर पर उद्यान विभाग के अधिकारी प्रेम पासवान, कुद्दुस शेख सहित लाभार्थी किसान एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। उद्यान विभाग की इस पहल से किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर मिलेगा और जिले में मधु उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

## रेड क्रॉस सोसाइटी की समीक्षा बैठक संपन्न, मार्च में रक्तदान शिविर और महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा (सारण)।** रेड क्रॉस सोसाइटी, छपरा द्वारा संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष व उप विकास आयुक्त, सारण यतेन्द्र कुमार पाल ने की। बैठक में सोसाइटी की सचिव जीनत जरीन मसीह, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद सिंह, सदस्य अमरेंद्र कुमार सिंह, शशिकांत परासर, शहजाद आलम समेत कई अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान वर्ष 2025 में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के वार्षिक कैलेंडर की समीक्षा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मार्च माह में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही सचिव के अनुरोध पर आगामी मार्च माह में विकास भवन में रक्तदान शिविर आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा रेड क्रॉस सोसाइटी के वालंटियर्स की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया, जिससे अधिक से अधिक लोग इस सेवा कार्य से जुड़ सकें।

## पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाहा ने मजार शरीफ पर लगाई हाजिरी

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** सोमवार को हजरत दाता मांगन शाह रहमतुल्ला अलैह के मजार शरीफ पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा मजार शरीफ पर लगाई हाजरी, उसके बाद चादर पोशी की। कार्यालय में सदर इरफान आलम के द्वारा मजार शरीफ के चादर से सम्मानित किया गया। प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह मजार हिंदू मुसलमान का प्रतीक है यहां आने वाले जायरीनों (श्रद्धालु)हिंदू हो या मुस्लिम इस मजार से सभी के मन्नते पूरे होते हैं। मुझे लगातार पिछले कई वर्षों से इस मजार पर आने का मौका मिलता है बाबा ने मुझे आज फिर अपने दर पर बुला ही लिया।

चादरपोशी के मौके पर राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय महासचिव नवीन शर्मा,भागलपुर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित आनंद, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रशांत बनर्जी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह उर्स इंतजामिया कमेटी के मोहम्मद इरफान आलम, बिहपुर खानहका के सज्जाद नशी सह उर्स इंतजामिया कमेटी के संयुक्त सदर हजरत अली कौनौन खान फरीदी ,शुभम कुमार गुप्ता, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रोहित आनंद शुक्ला, मो जावेद, आरिफ रजा, मुकेश चौधरी, तारीक अंसारी, मो मोनू, मो फिरोज आलम, शेख हस्बुल, संत तबरेज उर्फ संटी , मोहम्मद गुलजार उर्फ छोटू,

● हिंदू मुस्लिम का प्रतीक है यहां का मजार प्रवीण सिंहकुशवाहा

अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। चादरपोशी हजरत अली कौनौन खान फरीदी के देखरेख में कियागया।

बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में लगातार मेले परिषद में सुरक्षा व्यवस्था सक्रिय देखा जा रहा है। उर्स को सफल बनाने में जिला परिषद सदस्य मोईन राईन, पैक्स अध्यक्ष रबुल हसन मुखिया मोहम्मद सलाउद्दीन, कमेटी के उपाध्यक्ष अशद राही,मुखिया गुलजार, खजांची जैनुल अंसारी, मोहम्मद सोहराब, शिक्षक इकबाल हसन, मोहम्मद निसार, सरफराज हसन उर्फ सोनू, एवं अन्य कमेटी के सदस्यों का भागीदारी देखने को मिल रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विधायक ने किया नवनिर्मित स्कूल भवन का उद्घाटन



राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल बैगना के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन विधायक राम सूरत राय ने किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह औराई विधायक राम सूरत राय ने कहा कि बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर जिले व देश का नाम रोशन करें।उन्होंने कहा कि विद्यालय के नया भवन बनने से विद्यार्थियों को अध्ययन करने में सुविधा होगी ।औराईविधानसभा क्षेत्र के बैंगना में बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा नवनिर्मित भवन उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय ( बैगना ) का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर विधान सभा प्रभारी उमेश पांडेय, उप प्रमुख पप्पू शाह जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिओम , शोभेंद सिंह, बसंत, महादेव सहित एनडीए के सभी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और माननीय शिक्षा मंत्री सुनील कुमार को बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं।

### मोतिहारी: पताही में सात वारंटी गिरफ्तार,भेजा गया जेल

ब्यूरो चीफ शशिकांत

पूर्वी चम्पारण। पताही थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत् थाना क्षेत्र के विभिन्न गावों से सात वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है। थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया की जिला पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत् सोमवार की रात्रि थाना क्षेत्र के विभिन्न गावों में छापमारी कर सात वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है। जिसमें नया टोला निवासी सुखाड़ी पासवान, रामलाल पासवान, पताही निवासी मंटू महतो, नन्हकार निवासी शिव शंकर मांझी, भोला मांझी, मुकेश मांझी को गिरफ्तार किया गया है। वही पीडब्लू के एक वारंटी को भी गिरफ्तार कर झारखण्ड के बोकारो न्यायालय भेजा गया है।

### डायल 112 की टीम ने चार से पांच मिनट के अंदर घायल व्यक्तियों को ईलाज हेतु पहुंचाया अस्पताल



112 लोगों के लिए साबित हो रहा है वरदान चौतरवा थाना अन्तर्गत ईआरवी–01 डायल–112 की टीम को मंगलवार को सूचना मिला कि चौतरवा थाना क्षेत्र के पतिलार स्कूल के पास सड़क दुर्घटना हो गई। सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कर्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुँचकर डायल–112 के पुलिस टीम द्वारा घायल व्यक्ति को पाँच मिनट के अंदर पतिलार अस्पताल पहुँचाया गया।इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, बगहा सुशांत कुमार सरोज द्वारा चौतरवा थाना अन्तर्गत ईआरवी– 01 डायल–112 के टीम को सराहना करते हुए रिर्वाड दिया गया। दूसरी तरफ बगहा थाना अन्तर्गत ईआरवी––02 डायल–112 की टीम को सूचना मिला कि डुमरिया एनएच–727 चौक के पास सड़क दुर्घटना हो गई हैं सूचना प्राप्त होने पर डायल– 112 की टीम ने त्वरित कर्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुँचकर डायल–112 के टीम द्वारा घायल व्यक्ति को चार मिनट के अंदर अनुमंडलीय अस्पताल बगहा पहुंचाया गया। इस सराहनीय कार्य हेतु में एसपी बगहा सुशांत कुमार सरोज द्वारा बगहा थाना अन्तर्गत ईआरवी–02 डायल–112 के टीम को रिर्वाड दिया गया।

# मोतिहारी: जिला अधिकारी एवं केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा द्वारा आयोजित होने वाले केसरिया महोत्सव के तैयारियां का पुनः जायज़ा लिया गया

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा एवं जिलाधिकारी सौरव जोरवाल के द्वारा बौद्ध स्तूप केसरिया के निकट 20, 21एवं 22 फरवरी को आयोजित होने वाले केसरिया महोत्सव की तैयारियों का आज पुनः भ्रमण कर जायजा लिया गया। महोत्सव की तैयारी को अंतिम रूप देने में जिला प्रशासन की टीम लगी हुई है। जिलाधिकारी के द्वारा मुख्य पंडाल, मंच, माननीय विशिष्ट अतिथियों सहित सभी दर्शकों/नागरिकों के बैठने की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश और निकास की व्यवस्था की समीक्षा पदाधिकारीगण के साथ की गई। केसरिया महोत्सव के लिए नोडल अधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी चकिया सुश्री शिवानी के द्वारा सभी व्यवस्थाओं की सूक्ष्म जानकारी जिलाधिकारी एवं माननीय विधायक को दी गई। उन्होंने कहा कि सभी तैयारी आज ही पूर्ण कराई जाएगी और इसका ट्रायल रन कराया जाएगा। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा कलाकारों के आगमन और उनके ठहराव की व्यवस्था की जानकारी ली गई और निर्देश दिया गया कि कलाकारों के मुख्य मंच तक ले जाने के दौरान विधि व्यवस्था के मद्देनजर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल

## कुछ पुलिस बल सादे लिवास में भी रहेंगे



पदाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल केसरिया बौद्ध स्तूप के आस पास 63 स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि 50 से अधिक की संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कार्यक्रम स्थल पर की जा रही है। कुछ पुलिस बल सादे लिवास में भी रहेंगे।डीएम के द्वारा बगल के प्रखंड संग्रामपुर और कल्याणपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा कार्यक्रम स्थल के पास स्थित कैफेटेरिया का भी भ्रमण कर कलाकारों के लिए की गई व्यवस्था को देखा गया। महोत्सव में आए आम नागरिकों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देने के लिए बनाए जा रहे प्रदर्शनी स्टॉल को भी देखा गया और वहां उपस्थित पदाधिकारी से जरूरी जानकारी प्राप्त की गई। केसरिया महोत्सव के पहले दिन 20 फरवरी को 4:20 बजे बौद्ध स्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा इसके पश्चात डॉ विपिन कुमार मिश्रा द्वारा शंख वादन किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन माननीय मुख्य अतिथि के द्वारा स्मारिका का विमोचन किया जाएगा उसके पश्चात बिहार गौरव गान की प्रस्तुति होगी फिर लेजर शो कराया जाएगा। 6:30 बजे संध्या में प्रिया वेंकटरमन द्वारा शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति होगी उसके पश्चात प्रख्यात लोक गायिका मैथिली ठाकुर जी का प्रस्तुति कराया जाएगा। अगले दिन 21 फरवरी को 10:00 बजे से ही कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाएगी जिसमें रंगोली, पेंटिंग, वाद विवाद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चे हिस्सा लेकर अपनी प्रस्तुति देंगे। दिन में 1:00 बजे बौद्ध धर्म पर विशेष परिचर्चा का कार्यक्रम रखा गया है। दिन के 2:30 बजे सड़क सुरक्षा पर भी परिचर्चा कराया जा रहा है ताकि लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी के साथ–साथ सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी हो इसकी सुलभ जानकारी हो जाए। संध्या 7:00 बजे राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन का आयोजन कराया जाएगा जिसमें तिष्या श्री, अरुण जैमिनी, दिनेश बावरा, नीलोत्पल भृणाल एवं संजीव मुकेश की प्रस्तुति होगी। अंतिम दिन 22 फरवरी को 10:00 बजे से चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया जाएगा। दिन में 2:00 बजे विशेष आमंत्रित स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 3:30 बजे कत्थक नृत्य, 4:00 बजे अभिनव आकाश के द्वारा सूफी संगीत पेश की जाएगी। इसके बाद मुशायरा का कार्यक्रम रखा गया है। संध्या 6:00 बजे आरजू मिश्रा एवं संध्या 7:00 बजे बॉलीवुड की मशहूर पार्श्व गायिका आकांक्षा शर्मा अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देगी। पूर्वी चम्पारण जिला प्रशासन के द्वारा जिला के नागरिकों से अपील की गई है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में महोत्सव में आएं एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ–साथ संगीत कार्यक्रमों का आनंद उठाएं।

## मोतिहारी: पुलिस ने पूर्व में हुए गोलीबारी मामले में पांच लोगों को किया गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** तुरकौलिया. माधोपुर अहिरटोली गांव में 15 दिन पूर्व हुई मारपीट व गोलीबारी मामले में एक आरोपी सहित पांच को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गोलीबारी का आरोपी उक्त गांव का मनीष कुमार यादव है। जबकि चार वारंटी माधोपुर नया टोला के शत्रुधन मिश्रा, गणेश मिश्रा, माधोपुर का हफीजुल्लाह देवान व रामबहादुर महतो है। मालूम हो कि 15 दिन पहले उधार का पैसा मांगने और डायन कह गाली गलौज करने को लेकर दो पट्टीदारों के बीच जमकर मारपीट व गोलीबारी हुई थी। जिसमें एक गुट के गिरफ्तार मनीष व दूसरे गुट के सोनू कुमार को गोली लगी थी। जिनका इलाज पुलिस अभिरक्षा में हो रहा था। मामले में दोनों गुटों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज हुआ था। एक गुट के पांच व एक गुट के चार लोग आरोपित हुए थे। एफआईआर दर्ज आरोपितों में मुकेश कुमार, रामेश्वर प्रसाद यादव, सोनू कुमार, रामजतन राय, मनीष कुमार यादव, अरविंद राय, पम्मी देवी, मुन्नी देवी, रीता देवी है। वहीं थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## 21 फरवरी से सोनवरसा में फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का होगा आयोजन




लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा।** प्रखंड अंतर्गत महूई पंचायत के सोनबरसा स्थित खेल मैदान में 21 फरवरी से बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं खेल के आयोजन के संबंध में खेल संचालक सह एसटीएससी प्रकोष्ठ जदयू के प्रदेश महा सचिव ओजेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि इस खेल का मुख्य उद्देश्य फुटबॉल खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के उद्देश्य से इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

## पंचायत समिति की बैठक में हुआ सनसनीखेज खुलासा, करीब 8 माह से नही हो रहा है राशन वितरण, सदन में उठा जनवितरण दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** तुरकौलिया प्रखंड सभागार भवन में पंचायत समिति की एक बैठक प्रमुख विभा यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। बैठक शुरू होने के पहले पूर्व में हुई बैठक का समीक्षा करते हुए आगे की कार्यवाही की गई। जहां सदन के अंदर शंकरसरैया दक्षिणी पंचायत के मुखिया एजाज अहमद ने आवाज उठाते हुए कहा कि उनके पंचायत में करीब 8 माह से जनवितरण दुकानदार राशन का वितरण नही कर रहे हैं। जिससे लाभार्थियों का बुरा हाल हो गया है। गरीब भुखमरी के कगार पर खड़े हैं। राशन वितरण नही होने की शिकायत उन्होंने स्वयं एमओ दिव्या किशोर से किया था। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। और ना ही राशन वितरण कराया गया।



इसका जवाब देते हुए एमओ ने भरी सदन में कहा कि उन्होंने जनवितरण दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए विभाग को लिखा गया है। दस दिनों के अंदर गरीबों के राशन का वितरण नहीं होने पर दस दिन बाद 28 फरवरी को वह खुद इस मुद्दे को लेकर बीडीओ कार्यालय के समक्ष भुख हड़ताल पर बैठेंगे। वही बेलवा राय के पंचायत समिति सदस्य ईद मुहम्मद ने सदन में कहा कि आवास योजना में आवास से वंचित लोगों का नाम जोड़ा जा रहा है। जिसमें आवास सहायकों द्वारा काफी धांधली की जा रही है। जो लोग पैसा दे रहे हैं। उनका नाम जोड़ा जा रहा है और जो नही दे रहें हैं। उनको यह कहकर दौड़ाया जा रहा है कि राशन कार्ड में गड़बड़ी है। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि पोर्टल काम नही कर रहा है या दुसरे दुसरे कारण बताकर दौड़ाया जा रहा है। जहां प्रभारी बीडीओ सरीना आजाद ने आश्वासन देते हुए कहा कि सदन में लिए गए सभी प्रस्तावों पर कार्रवाई होगी।बैठक के दौरान सदन में उपप्रमुख शाहिदा बेगम, मुखिया रामजनम पासवान, विनय कुमार एजाज अहमद, विनोद सिंह, पंचायत समिति सदस्य अमेरिका पासवान रजनीश राय उर्फ पेटू राय, ईद मुहम्मद, अशर्फी महतो, अनील पासवान शहजाद अंसारी राजकिशोर सिंह, चंदेश्वर पासवान उमंग देवी, गुड़िया कुमारी व सोनी देवी के अलावे पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## आदर्श आचरण प्रस्तुत करने पर सजा की अवधि में होगी कमी : जिलाधिकारी। मंडल कारा बेतिया में 1000 से अधिक बंदियों के साथ किया गया बंदी दरबार का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक, बेतिया, शौर्य सुमन द्वारा मंडल कारा का किया गया निरीक्षण ।जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय द्वारा आज मंडल कारा बेतिया में बंदी दरबार का आयोजन किया गया। बंदी दरबार में जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को दी जा रही सुविधाएं से जिलाधिकारी अवगत हुए साथ ही बंदियों की समस्याओं को सुनते हुए उनके समस्याओं का निराकरण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने 1000 से अधिक बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी लोग इंसान हैं। सभी को स्वतंत्रता का अधिकार है। कुछ भटकाव एवं भूलचूक के कारण जो लोग कारा में आए हैं, उनके लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न




योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बंदी दरबार का आयोजन कारा में बंद बंदियों की समस्याओं को सुनने एवं उनका उचित निराकरण करने के लिए किया गया है। उन्होंने बंदियों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा जेल का नाम बदल कर कारा एवं सुधार सेवाएं कर दी गयी है। सरकार के द्वारा कारा के अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिलाया गया है ताकि उनके कार्य, व्यवहार, संस्कृति में बदलाव आए। जलाधिकारी ने बंदियों से कहा कि मैं आपको नियम कानून की बातें नहीं बता रहा हूँ बल्कि व्यावहारिक बातें बता रहा हूँ ताकि आपको आसानी से समझ में आ सके। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व मैं जेल आईजी था। कारा की व्यवस्थाओं में सुधार करने की सार्थक कार्रवाई की गई, जिसका लाभ आज बंदियों को सुगमतापूर्वक मिल रहा है। किसी भी बंदी को कोई असुविधा नहीं हो, इसका ध्यान दिया जा रहा है। अत्याधुनिक सुविधाओं एवं आधारभूत संरचना की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कारा में आदर्श आचरण प्रस्तुत करने पर सजा की अवधि में कमी होती है। इसलिए सभी बंदी सचेत रहकर आपसी समन्वय से रहें, कोई प्रतिकूल कार्य नहीं करें। अपने आचरण में बदलाव लाएं एवं समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का प्रयास करें। उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बंदी दरबार अभियान के माध्यम से आपकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह ने कहा कि सरकार का हमेशा यह प्रयास रहा है कि बंदियों को कारा में मूलभूत सुविधाएं मिले, इस हेतु कार्रवाई भी की जा रही है। जेल मैनुअल के अनुरूप बंदियों को सुविधाएं प्रदान की जा रही है। अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, श्री कुमार रविन्द्र ने बंदियों से कहा कि न्याय संहिता, प्रावधानों का उल्लंघन नहीं हो। मौलिक कर्तव्यों का अनुपालन करें। सामान्य एवं उत्तम नागरिक बनें।

## गौनाहा: फुटबॉल मैच में बेतिया की टीम ने 6–0 से जोगिया देवराज को हराया

लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा।** प्रखंड के माधोपुर पंचायत के मौजे माधोपुर खेल के मैदान में मंगलवार को बेतिया ने योगीया देवराज को 6–0 से हराकर सेमीफाइनल में अपना जगह बना ली है। विदित हो कि एचएम क्लब माधोपुर द्वारा 16 फरवरी से फुटबॉल मैच का आयोजन मौजे माधोपुर खेल के मैदान में किया गया है। जिसमे ठोरी नेपाल के टीम ने टहकौल के टीम को 3–2 से हराकर मैच जीत ली। एम एच क्लब माधोपुर के टीम मैनेजर शेख नूरहसन ने बताया कि पिछले वर्ष कि भांति इस वर्ष भी फुटबॉल मैच का आयोजन मौजे माधोपुर खेल के मैदान मे किया गया है जिसमे कुल 10 टीमें भाग ली है। बेतिया व योगिया देवराज के बीच आयोजित मैच के मुख्य अतिथि वकारुल इस्लाम उर्फ़ विक्की थे जबकि इमानुल हक बी मोईनुदीन खां को विशिष्ट अतिथि बनाया गया था। मैच के



आयोजन मे एम एच क्लब माधोपुर के अध्यक्ष नवाब अल्ताफ करीम, टीम मैनेजर शेख नूरहसन, म. अंसारी, आदिल हसन, रफ़ी अहमद, अकरम राजा, हाफ़िज़ अशरफ हसन, मुन्ना बाटी आदि का योगदान काफी सराहनीय है।

## मोतिहारी: दो लग्जरी कार से विदेशी शराब बरामद, 3 महिलाऐं एवं 5 पुरुषों सहित आठ लोगों को पुलिस ने दबोचा कारों से लगभग 1200 शराब की बोतलें मिली

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण।** मोतिहारी में पुलिस ने शराब तस्करों को दबोच लिया है। दो लग्जरी कारों से 1200 विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुईं हैं। 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 3 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लग्जरी कारों से शराब की तस्करी हो रही है। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर सुगौली थाने की पुलिस ने यह कारवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग महंगी गाड़ियों से शराब की तस्करी कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने दो लग्जरी कारों को रोका और तलाशी ली। इस दौरान कारों से लगभग 1200 शराब की बोतलें मिलीं। पुलिस ने कार में सवार सभी 8 लोगों को



गिरफ्तार कर लिया। और आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रही है कि ये शराब कहां से लाये थे और कहां ले जा रहे थे। इसके अलावा, पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस धंधे में और कौन–कौन लोग शामिल हैं।

## ग्रीन फील्ड हाई स्पीड कॉरिडोर के तौर पर नया रूट बनाने की कि जा रहीं हैं तैयारी

लोकतंत्र की आवाज

**बूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**वाल्मीकिनगर ।** सांसद सुनील कुमार ने बताया कि बिहार सरकार ने बगहा से भोजपुर के पातर तक 'ग्रीनफील्ड हाईस्पीड नारायणी–गंगा कॉरिडोर' बनाने का फैसला किया है।प्रस्तावित नारायणी–गंगा कॉरिडोर 225 किमी लंबा होगा जिसके लिए आवश्यकतानुसार जमीन अधिग्रहण किया जायेगा।राज्य में डबल ईजन सरकार होने के कारण इंफ्रास्ट्रक्चर की तमाम योजनाएं बिहार को मिल रही है।इसी कड़ी में राज्य के उत्तर से दक्षिण के बीच सड़क संपर्क सुविधा को और बेहतर बनाने की कवायद की जा रही है जिसको देखते हुए नए ग्रीन फील्ड हाई स्पीड कॉरिडोर के तौर पर नया रूट बनाने की तैयारी की जा रही है।यह रूट नारायणी–गंगा कॉरिडोर के नाम से जाना जा सकता है।प्रस्तावित कॉरिडोर पश्चिम चंपारण के बगहा से गुजरने वाले एनएच 727 से होकर एनएच



727 ए से जुड़ेगा और इसका विस्तार भोजपुर जिले तक होगा।सांसद श्री कुमार ने कहा कि नीतीश सरकार द्वारा नारायणी–गंगा कॉरिडोर का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जा रहा है।राज्य सरकार जो प्रस्ताव भेजने जा रही है इसके तहत इस कॉरिडोर के तहत भोजपुर के पातर में यह कॉरिडोर शुरू होकर, पटना–आरा–सासाराम हाई स्पीड कॉरिडोर एनएच 119 ए से जुड़ जाएगा।इस एक्सप्रेस वे के निर्माण से बगहा से आरा होते हुए सासाराम और वाराणसी कोलकाता होते हुए उत्तर प्रदेश ओर आगे की यात्रा भी सरल और सहज हो जाएगी।इस सड़क के निर्माण से राज्य के उत्तर–पश्चिम कोने से सीधी कनेक्टिविटी दक्षिण–पश्चिम कोने से हो जाएगी।सीधे तौर पर पांच जिलों को इस कोरीडोर का लाभ मिलेगा जिसमें



भोजपुर, सारण, सिवान, गोपालगंज और पश्चिमी चंपारण शामिल है।नया नया गंगा नारायणी गंगा कॉरिडोर लगभग 225 किलोमीटर लंबा होगा और इसके लिए जमीन अधिग्रहण में 3950 करोड रुपए खर्च का अनुमान है।वाल्मिकीनगर सांसद ने आगे बताया कि बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिंन्हा के मुताबिक प्रस्तावित नारायणी–गंगा कॉरिडोर राज्य में सुदूर उत्तर से दक्षिण तक की यात्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लक्ष्य के अनुरूप त्वरित कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की दिशा में भी एक ऐतिहासिक मार्ग साबित होगा।इसके बनने से पिछड़े इलाकों में तेजी से विकास होगा और हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मारपीट सहित सड़क दुर्घटना में तीन जख्मी एक सदर अस्पताल रेफर



समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो जख्मी हुए। जख्मी की पहचान बेलसंडी गांव के लालधारी सिंह की 40 वर्षीय पत्नी पूनम कुमारी व 50 वर्षीय लालधारी सिंह के रुप में की गई है। दोनों का सीएचसी में इलाज जारी। वहीं दूसरी ओर सड़क दुर्घटना में एक गंभीर जख्मी बिरसिंहपुर पंचायत के महम्मदाबाद गांव के हरे राम साह के 20 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में पहचान की गई। मैट्रिक के परीक्षार्थी को अपनी बाइक से ठोकर मार कर स्वयं गंभीर जख्मी हो गया। सामुदायिक अस्पताल के चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर किया। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने दी।

### समस्तीपुर मंडल में मेगा टिकट जांच अभियान, 2521 यात्रियो से वसूले 17 लाख 82 हजार

समस्तीपुर । मंगलवार को संपूर्ण समस्तीपुर मंडल में सुबह 06.00 बजे से रात्रि 22 बजे तक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 2521 बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा गया, जिससे रेलवे को 17.82 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इस क्रम में दरभंगा स्टेशन पर विशेष किलाबंदी अभियान भी चलाया गया, जिसके तहत स्टेशन के सभी प्रवेश द्वारों पर टिकट जांच कर्मियों एवं आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया। इस कड़े जांच अभियान के दौरान 701 यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा गया, जिनसे 5.91 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा, आरक्षित कोचों में बिना आरक्षण यात्रा कर रहे यात्रियों को सामान्य श्रेणी के कोचों में स्थानांतरित किया गया। इस अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए आरपीएफ जवानों के साथ साथ दरभंगा सहित पूरे समस्तीपुर मंडल में 198 टीटीई को तैनात किया गया, जिन्होंने टिकट जांच एवं यात्रियों को उचित मार्गदर्शन देने का कार्य किया। बता दें कि रेलवे लगातार इस तरह के जांच अभियानों को जारी रखेगा ताकि बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाई जा सके और उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिल सके।

### जलसा दस्तारबंदी की तैयारियां पुरी आज शाम जलसे का आगाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर,,,,,खरीक प्रखंड अंतर्गत मदरसा इमदादिया, खरीक बाजार में होने वाले जलसा दस्तारबंदी की तैयारियां जोर–शोर से जारी हैं। यह मुबारक जलसा आज से नमाज–ए–मग़रिब के बाद आयोजित किया जाएगा।इस खास मौके पर देशभर के मशहूर उलमा–ए– ऋइम और सम्मानित मेहमान शिरकत करेंगे।मेहमाने खुसुसीहजरत मौलाना सोहराब साहब कोलकात्तवी और हजरत मौलाना अमानुल्लाह साहब चतरवेदी शिरकत करेंगे। जलसे में तालीम, इस्लामी रहनुमाई और दस्तारबंदी की रस्म अदा की जाएगी।सभी अकीदतमंदों से गुज़ारिश है कि इस मुबारक महफ़िल में शामिल होकर अपनी मौजूदगी से इसे कामयाब बनाएं। ये जानकारी, जनाब हाजी इस्लाम साहब,जनाब अतहर आलम,कारी कलीमुद्दीन साहब,मौलाना गुलाम सरवर साहब,मौलाना मुहम्मद एहसानुल हक कासमी साहब,कारी मुहम्मद नासिर हनफ़ी साहब,युवा समाज सेवी आजाद अंसारी।

### असामाजिक तत्वों ने खड़ी फसल को किया नष्ट।

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती।पीरपैंती थाना अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत के मोहनपुर दियरा क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने किसान बोनी मंडल, प्रयाग मंडल, एवं गोरी मंडल के लगभग एक एकड़ में लगा हरा भरा मक्का का फसल नष्ट कर दिया।मामले को लेकर किसान ने बताया कि कर्ज़ लेकर खेतों की जुताई, बुआई, एवं पटवन किया था । साथ ही लाखों की क्षति की बात कहीं। सूचनार्थ स्थानीय प्रशासन घटना स्थल पर पहुंची, एवं मामले का जल्द निष्पादन की बात कही।घटना को लेकर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि कुंदन यादव, बिपिन बिहारी, बशिष्ठ यादव, सुनील कुमार शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि पंकज कुमार मंडल, ने निंदा की , मौके पर बोनी मंडल, प्रयाग मंडल, गौरी मंडल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# विज्ञान दिवस के अवसर पर 28 को होगा प्रतियोगिता का आयोजन

लोकतंत्र की आबाज

छात्र–छात्राओं के लिए लिखित क्विज एवं वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया



**समस्तीपुर।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र पटना एवं सांयस फॉर सोसायटी, बिहार के सहयोग से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 28 फरवरी को श्रीकृष्ण विज्ञान केन्द्र पटना में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय विज्ञान दिवस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्राथमिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान मानवेंद्र कुमार राय, बिहार शिक्षा परियोजना के संभाग प्रभारी अर्जुन कुमार के मार्गदर्शन में निबंध, लिखित क्विज एवं वक्तृत्व प्रतियोगिता के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आर एस बी इण्टर विद्यालय में किया गया। कक्षा नवम के छात्र – छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता तथा कक्षा ग्यारहवीं के छात्र–छात्राओं के लिए लिखित क्विज एवं वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा नवम तथा ग्यारहवीं के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा नवम के छात्र–छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का विषय सतत भविष्य के लिए जल संरक्षण, कक्षा ग्यारहवीं के छात्र – छात्राओं के लिए लिखित क्विज प्रतियोगिता के लिए बेहतर भविष्य के लिए समृद्ध जैवविविधता तथा वक्तृत्व के लिए जल प्रबंधन एवं जल संरक्षण की भारतीय एवं वर्तमान परम्परा विषय राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा निर्धारित किया गया था। वक्तृत्व प्रतियोगिता में उच्च माध्यमिक विद्यालय, गंगसारा, सरायरंजन की छात्रा रानी कुमारी प्रथम, उच्च विद्यालय, पूसा की छात्रा प्रज्ञा शर्मा द्वितीय स्थान तथा उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, खजूरी, कल्याणपुर की छात्रा अंशिका कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। वक्तृत्व प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली उच्च माध्यमिक विद्यालय, गंगसारा की छात्रा रानी कुमारी प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी तथा प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वहीं निबंध प्रतियोगिता में उच्च माध्यमिक विद्यालय दिघरा, पूसा की छात्रा प्रथम, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खजूरी , कल्याणपुर की छात्रा मासूमा परवीन द्वितीय, राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय, जगतसिंहपुर, समस्तीपुर के छात्र आदर्श कुमार ने तृतीय प्राप्त किया। लिखित क्विज प्रतियोगिता में उच्च माध्यमिक विद्यालय, विशनपुर बथुआ, पूसा की छात्रा मुस्कान कुमारी प्रथम, राज्यकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय जगतसिंहपुर, समस्तीपुर के छात्र सुशांत कुमार द्वितीय, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, खजूरी, कल्याणपुर की छात्रा ईशा भारती तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध एवं लिखित क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता छात्र – छात्रा अपने मार्गदर्शक शिक्षक – शिक्षिका के साथ दिनांक 28 फरवरी को होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीधे भाग लेंगे वहीं वक्तृत्व प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी तथा प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र – छात्रा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के सदस्य उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, छेछनी, बिथान के विज्ञान शिक्षक विकास कुमार गुप्ता, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, अख्तियारपुर, सरायरंजन की वनस्पति विज्ञान की शिक्षिका कृतिकी आनंद, उच्च माध्यमिक विद्यालय कानू विशनपुर, खानपुर की विज्ञान शिक्षिका पूजा कुमारी तथा बिहार शिक्षा परियोजना, समस्तीपुर के कार्यक्रम सहायक मो सफीक उपस्थित थे।

## पुलिस लाइन में भी बनेगा पालना घर




लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा द्वारा समाहरणालय सभागार समस्तीपुर में आईसीडीएस, सामाजिक सुरक्षा, जिला कल्याण, और अल्पसंख्यक कल्याण सहित विभिन्न विभागों की समीक्षात्मक बैठक की गई। आईसीडीएस की समीक्षा के क्रम में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि समाहरणालय में पालना घर की तर्ज पर पुलिस लाइन में भी पालना घर बनाने का निर्देश विभाग द्वारा प्राप्त है इसके लिए पुलिस लाइन में कोई बड़ा हाल या कमरा चिन्हित करने की आवश्यकता हैं। इस पर जिलाधिकारी द्वारा पुलिस उपाधीक्षक को अविलंब पालना घर हेतु स्थल चिन्हित कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा की समीक्षा के क्रम में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा आकाश द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं पेंशन के विषय में विस्तार से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सभी लाभूको को ससमय पेंशन एवं अन्य योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कल्याण की समीक्षा के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी को सावित्रीबाई फुले छात्रावास हेतु भूमि उपलब्धता तथा अन्य निर्माणाधीन छात्रावास एवं आवासीय विद्यालय का नियमित निरीक्षण करते हुए निरीक्षण प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण को अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय हेतु 3 एकड़ भूमि चिन्हित करने हेतु अपर समाहर्ता से समन्वय स्थापित कर अविलंब प्रस्ताव विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया बैठक में सिविल सर्जन, डीपीओ आईसीडीएस, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ,जिला कल्याण अधिकारी प्रसून परिमल, उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण रजनीश कुमार राय सहित विभिन्न सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भागलपुर जिला अध्यक्ष एव राजद नेता विपिन मंडल ने मजार शरीफ पर लगाई हाजिरी, लालू प्रसाद यादव के जल्द स्वास्थ्य होने की मांगी गई दुआ।



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर,,,,** बुधवार को राजद के युवा नेता विपिन कुमार मंडल ने बिहपुर के मिल्की स्थित दाता मांगन शाह रहमतुल्ला अलैय के सात दिवसीय सालाना उर्स–ए–पाक पर सूफी संत दाता मांगन शाह की दरगाह पर पहुंचकर मजार की जियारत कर चादरपोशी की।मौके पर राजद के भागलपुर जिला अध्यक्ष चंन्द्रशेखर यादव, महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सीमा जेसवाल, राष्ट्रीय परिषद सदस्य गौतम बैनर्जी सहीत सभी नेताओं ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ जीवन व दीर्घायु होने सहित प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति, अमन चैन, व खुशहाली की दुआ मांगी, उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष लाखों लोग दाता मांगन शाह की मजार पर पहुंचकर अपने और अपने परिवार की खुशहाली की दुआ मांगते हैं और सबों की दुआ कबूल होती है।मौके पर राजद किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सैयद जमा, उपाध्यक्ष कुंदन मिश्रा, समाजसेवी गुलशन यादव,देवकी यादव, प्रिंस यादव, मुकेश कुमार, चीकू मंडल, राजा कुमार,ताराकांत राय सहित दर्जनों राजद के वरिष्ठ नेता थे।

## ऐतिहासिक होगी 24 फरवरी को प्रधानमंत्री की सभा:मिथिलेश तिवारी

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** बिहार भाजपा के प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा की हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।इस विशाल सभा में आसपास के 13 जिलों से करीब तीन लाख किसानों को आमंत्रित किया गया है, जहां पीएम मोदी किसानों के कल्याण, समृद्धि और विकास पर चर्चा करेंगे। किसानों के जीवन को कैसे सरल बनाया जाए, इसे लेकर पीएम मोदी किसानों से बात करेंगे।सभा के में किसानों व आमलोगों को कई सौगात देंगे।सांसद अजय मंडल ने कहा की किसानो की आमदनी दोगुनी हो इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि में नए रिसर्च और नयी तकनीक से किसानो को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाने पर फोकस किया है. वैसे भी किसानो के हित के लिए पीएम मोदी का मूलमंत्र ₹जय जवान जय किसान जय विज्ञानं और जय अनुसन्धान₹ पर केंद्रित है।सैयद शहनवाज़ हुसैन ने कहा की पीएम नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल में किसानों को लेकर सरकार ने कई शानदार फैसले लिए जिसने किसानों की दिशा और दशा दोनों सुधारने में अहम योगदान दिया।विधायक संजय सरवागी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार देश की जिम्मेदारी संभाली है, इसी के चलते पीएम ने किसानों से कहा कि वो अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से काम करेंगे। दूसरी ओर पीरपैंती के विधायक ललन कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र में प्रचार वाहन से पूरे पीरपैंती क्षेत्र प्रचार का शुभारंभ किया। रवि कुमार शर्मा ने भी पीरपैंती हाट में आए लोगों को आमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया। प्रदेश महामंत्री ललन मंडल ने कहा की कार्यकर्ता पूरी मेहनत से यह जनसभा को यादगार बनाएंगे। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण सिंह कुशवाहा ने मजार शरीफ पर लगाई हाजिरी हिंदू मुस्लिम का प्रतीक है यहां का मजार प्रवीण सिंहकुशवाहा

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर ,,,,**सोमवार को हजरत दाता मांगन शाह रहमतुल्ला अलैह के मजार शरीफ पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी प्रवीण सिंह कुशवाहा मजार शरीफ पर लगाई हाजरी, उसके बाद चादर पोशी की। कार्यालय में सदर इरफान आलम के द्वारा मजार शरीफ के चादर से सम्मानित किया गया। प्रवीण सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह मजार हिंदू मुसलमान का प्रतीक है यहां आने वाले जायरीनों (श्रद्धालु)हिंदू हो या मुस्लिम इस मजार से सभी के मन्नते पूरे होते हैं। मुझे लगातार पिछले कई वर्षों से इस मजार पर आने का मौका मिलता है बाबा ने मुझे आज फिर अपने दर पर बुला ही लिया। चादरपोशी के मौके पर राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय महासचिव नवीन शर्मा,भागलपुर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित आनंद, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रशांत बनर्जी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह उर्स इंतजामिया कमेटी के मोहम्मद इरफान आलम, बिहपुर खानहका के सज्जाद नशी सह उर्स इंतजामिया कमेटी के संयुक्त सदर हजरत अली कौनौन खान फरीदी ,शुभम कुमार गुप्ता, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रोहित आनंद शुक्ला, मो जावेद, आरिफ रजा, मुकेश चौधरी, तारीक अंसारी, मो मोनू, मो फिरोज आलम, शेख हस्बुल, संत तबरेज उर्फ संटी , मोहम्मद गुलजार उर्फ छोटू, अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। चादरपोशी हजरत अली कौनौन खान फरीदी के देखरेख में कियागया। बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर के नेतृत्व में लगातार मेले परिषद में सुरक्षा व्यवस्था सक्रिय देखा जा रहा है। उर्स को सफल बनाने में जिला परिषद सदस्य मोईन राईन, पैक्स अध्यक्ष रबुल हसन मुखिया मोहम्मद सलाउद्दीन, कमेटी के उपाध्यक्ष अशद राही,मुखिया गुलजार, खजांची जैनुल अंसारी, मोहम्मद सोहराब, शिक्षक इकबाल हसन, मोहम्मद निसार, सरफराज हसन उर्फ सोनू, एवं अन्य कमेटी के सदस्यों का भागीदारी देखने को मिल रही है।

## 2 मार्च को बदलो बिहार महाजुटान रैली को लेकर माले ने निकाला प्रचार जत्था

लोकतंत्र की आवाज




**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** बिहार बदलाव की लडाई तेज करेगी माले नवादा पकरीवरावां 19 मार्च 2025 भाकपा माले द्वारा आहूत 2 मार्च बदलो बिहार महाजुटान रैली की तैयारी को लेकर पकरीवरावां में सैकडो की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए पदयात्रा निकालकर महाजुटान रैली में चलने का आहवान किया । पदयात्रा का नेतृत्व भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व रैली तैयारी प्रभारी कॉ. श्रीनिवास शर्मा, माले जिला सचिव कॉ. भोला राम, बिहार राज्य कमिटी सदस्य कॉ. नरेन्द्र प्रसाद सिंह , जिला कमिटी सदस्य व खेग्रामस सचिव कॉ. अजीत कुमार मेहता , प्रखंड सचिव कॉ. अरूण कुशवाहा , किसान महासभा के अध्यक्ष कॉ. जगदीश प्रसाद चौहान , महावीर मांझी ने संयुक्त रूप से किया । पदयात्रा के बाद सभा को संबोधित करते हुए रैली तैयारी के जिला प्रभारी कॉ. श्रीनिवास शर्मा ने कहा तथाकथित न्याय के साथ विकास के नारा देकर नीतिश भाजपा के 20 साल के शासन से बिहार आज त्रस्त है , इनके राज में सामंतो अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है यही कारण है कृष्णानगर दलितों के घरो को जलाकर बिहार को शर्मसार किया है , इस घटना से सरकार सबक लेना तो दूर की बात है , सामंती अपराधियों के साथ गलबाहिया भर रहे है ।95 लाख महागरीबों को 2 लाख रू. सहायता राशि ना देकर बिचौलियो दलालों के जरिय सामंती ताकतें फायदा उठा ले रहे है।उन्होने कहा गरीब विरोधी नीतिश –भाजपा सरकार अब सता में रहने लायक नहीं है , बिहार बदलाव के लिए छटपटा रहा है ,इसलिए बदलाव की लडाई को भाकपा माले सडक से सदन तक लडने के लिए तैयार है । 2 मार्च को बदलो बिहार महाजुटान रैली में लाखों लाख की संख्या में पटना चलने का अह्वान किया , पदयात्रा में सैकडो की संख्या में महिला पुरूषो के अलावे डॉ. निजाम, नंदु यादव , अनिल सिंह , लटन दास , लक्ष्मी देवी , रामनंदन मांझी जैसे प्रमुख नेताओं ने भाग लिया ।

## नवगछिया बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों ने मिल्की में दाता के मज़ार पर लगाई हाजरी

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर,,,,,** बुधवार को नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के संयोजन में खिलाड़ियों ने दाता के मज़ार पर हाजरी लगाया।नवगछिया पुलिस जिला बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार लाल,उपाध्यक्ष मो.मोइन राइन,घंटू सिंह व राज्य प्रवक्ता सह जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार मो फिरोज के द्वारा दाता की चादरपोशी कर समाज में शांति भाईचारा खिलाड़ियों के निरोग जीवन व समृद्धि की दुआ मांगी।इस मौके पर सबसे पहले बिहपुर खानका के गदीनशीसह उर्स इंतेजामिया कमिटी के संयुक्त अध्यक्ष कौनेन खां फरीदी,अध्यक्ष इरफान आलम,सचिव अबुल हसन व कोषाध्यक्ष जैनूल अंसारी द्वारा सभी खिलाड़ियों व संघ के पदाधिकारी को कमेटी कार्यालय में दाता के मजार की चादर भेंटकर सम्मानित किया गया।मौके पर अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राहुल कुमार व अंकित कुमार शर्मा,राष्ट्रीय खिलाड़ी राजा कुमार,सूरज कुमार,राजीव कुमार,मो. तबरेज,गुलशन कुमार, कुमार,पुष्कर कुमार,आदित्य राज,प्रिंस कुमार,सायन दास शिवम कुमार,गोलू कुमार,मो आरिफ,रवि कुमार,अभिषेक कुमार,प्रणव कुमार,विवेक राज,अमर कुमार,साकेत कुमार,देवराज कुमार,देवानंद कुमार,आर्यन कुमार,प्रिन्स कुमार,चिक्कु कुमार,दिव्यांशु कुमार,आनंद कुमार,सौरव कुमार,रोनित कुमार,हिमांशु कुमार,शुभम् कुमार,आयुष कुमार,साक्षी कुमारी, निकेता कुमारी चांदनी कुमारी,नेहा कुमारी,अभिलाषा कुमारी ,मनीषा कुमारी,आरती कुमारी,कोमल कुमारी,निर्मल कुमारी,मौसम कुमारी,नेहा कुमारी,अन्नू कुमारी,सपना कुमारी,शबनम कुमारी,निर्मला कुमारी,रूपा कुमारी,चिराग देव व उज्जवल देव आदि मौजूद थे।

## छात्र–छात्राओं के बदौलत गया कॉलेज ने पूरे बिहार में बनाई विशिष्ट पहचान: प्राचार्य

लोकतंत्र की आवाज़



**गया।**गया कॉलेज गया के एमबीए सभागार हॉल में आयोजित पत्रकारों के साथ विशेष बातचीत में कॉलेज के प्राचार्य डॉ (प्रो)सतीश सिंह चंद्र ने कहा की कैंपस में शिक्षा के आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने के लिए कई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। बायोटेक्नोलॉजी विभाग में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, डिजिटल पुस्तकालय, वर्ग, कक्षा,सभागार, विभागीय कक्ष, कार्यालय कक्ष, वाशरूम, पेयजल, विद्युतीकरण आदि की व्यवस्था को मानको के अनुरुप बनाया जा रहा है। महाविद्यालय की संपत्तियों की सुरक्षा हेतु सख्त कदम उठाए गए हैं।आने वाले शैक्षणिक सत्र के पहले कॉलेज में कुछ नयापन दिखाई देगा। विद्यार्थियों को शैक्षणिक सुविधा मिलेगी। सड़कों को सुदृढ़ कर कालीकरण, भवन के छत्तों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना, वर्षा जल को एकत्रित करने के लिए पनसोखा का निर्माण करना, छात्राओं के लिए 60 कमरों का छात्रावास बनाना आदि जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। सरकार के सहयोग से स्किल सेंटर की स्थापना की गई है। जिससे बेरोजगार युवक–युवतियां ऑफिस मैनेजमेंट और होम अप्लायंसेज की पढ़ाई कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगे।अब नैक मूल्यांकन के लिए कॉलेज सभी औपचारिकताओं को पूरा कर रहा है। इसके रैंकिंग के आधार पर ही अनुदान राशि मिलना तय होगा। इसके लिए प्रक्रियाओं को पूरा किया जा रहा है। मूल्यांकन को ध्यान रखकर तैयारी की जा रही है। शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों और छात्र–छात्राओं के बदौलत गया कॉलेज पूरे बिहार में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। हमारा उद्देश्य है कि कॉलेज को किस प्रकार से उंचाइयों के शिखर पर ले जाए इस ओर हमारा प्रयास है, वर्तमान में जो भी कमियां है उसे हम सब मिल बैठकर पूरा करने का प्रयास करेंगे। टीम भावना के साथ मिलकर काम करने से लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। इस महाविद्यालय का छात्र रहा हूं और प्रधानाचार्य होने के नाते कॉलेज को शीर्ष उंचाइयों पर ले जाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर कॉलेज के बर्सर डॉ आदर्श कुमार गुप्ता,डॉ अरुण गर्ग, डॉ राशिद नईम,डॉ पंकज भारती एवं डॉ धर्मेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवगठित पैक्स कार्यकारिणी सदस्यों की पहली बैठक संपन्न




लोकतंत्र की आवाज

पतरघट सहरसा संवादाता। पामा पैक्स कार्यालय में नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों की पहली बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पतरघट प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अम्बिका प्रसाद सिंह ने किया बैठक में पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार झा और पैक्स प्रबंधक सहित 05 सदस्य बैठक में शामिल हुए। वही बैठक में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अम्बिका प्रसाद सिंह ने कहा कि 05 सदस्य व अध्यक्ष व प्रबंधक मिलाकर कुल 7 सदस्यों का कॉलम पूरा किया गया है। वही प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने सदस्यों को पैक्स के कार्यों और दायित्वों की जानकारी दी। वही किसानों को ससमय उर्वरक उपलब्ध करवाने की बात कही। इस बैठक में कार्यकारणी सदस्य व प्रबंधक ओम प्रकाश सिंह, सदस्य राजेश कुमार सिंह, मो० मजीद, शंकर मुखिया, कंचन देवी, जयमाला देवी उपस्थित थे।

### सहरसा बिहार में आख़िर तेरा दर्द न जाने कोय, विशिष्ट शिक्षकों का स्थानांतरण जल्दी क्यों नहीं हो रहा

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाद सूत्र झ कई नियोजित शिक्षक जो विशिष्ट बनकर अपना उसी विद्यालय में योगदान कर लिए हैं। कई वर्ष से कार्यरत है। जांच के नाम पर कभी सॉफ्टवेयर कभी निगरानी कभी कुछ फरमान शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया जा रहा है। दिसंबर 24 से ही प्रक्रिया सुचारू नहीं चल पा रहा है। कई शिक्षक व संघ नाराज़गी व्यक्त करते हुए बताया सरकार का मंशा सही नहीं है। माननीय सिर्फ भाषणबाजी बयान बाजी करते हैं लेकिन दूर दराज शिक्षकों व दिव्यांगों का पीड़ा कोई समझने वाला नहीं है अधिकारियों फरमान नए नए से हम सब अजीम आ गए हैं हमलोगों को शीघ्र तबादला किया जाए हर हाल में गुणवत्ता शिक्षा दे सके अभी मानसिक शारीरिक व आर्थिक क्षति हो रहा है।

### सहरसा के मुख्य मार्ग पर दबंगों द्वारा थाना चौक से लेकर गर्ल्स हाई स्कूल तक के कई क्षेत्रों में दोनों किनारे दुकान खुलवा कर प्रत्येक माह करते वसूली

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। क्षेत्रों के नगर निगम शहरी क्षेत्र मुख्य बाजार थाना चौक गर्ल्स हाई स्कूल गंगजला ढाला आदि स्थानों पर दबंगों द्वारा छोटा व मोटा दुकान खोलवा कर प्रत्येक माह अच्छी मोटी रकम वसूली कर रहे हैं। सैकड़ों दुकान खुली है। सभी दुकानें सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर खोली गई हैं। कई दबंगों द्वारा फुटफाथ का घेरा बंदी कर उसे कब्जा कर भूमि पर लगा रहा उसे मोटी रकम कमाई हो रहा है जबकि शासन व प्रशासन का रोज उस मार्ग से गाड़ी गुजरता है फिर भी किसी को कोई ध्यान नहीं है। अवैध दुकान हटाने के लिए पत्र भी लिखा गया है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी व सदर थाना को अभी तक कार्यवाही नहीं होना आम राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है दबंगों व अतिक्रमणकारियों का इतना मनोवल बढ़ा है कि कोई कुछ बोलने से कतराते हैं। समस्या ढाक के तीन पात हैं। यहां तक आरटीआई सूचना अधिकार अधिनियम में कई मामला प्रकाश में आ रहा है।

# आगामी विधानसभा चुनाव में छातापुर से हमें दीजिए मौका, बदलकर रख देंगे विकास का इतिहास: संजीव मिश्रा

- संजीव मिश्रा ने छातापुर विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपने दावेदारी का किया ऐलान , कहा- कागजी विकास से नहीं, धरातल पर काम करने से होगा बदलाव



लोक तंत्र कीआवाज

**छातापुर (सुपौल)।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने मंगलवार को छातापुर नगर भवन में आयोजित विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपनी उम्मीदवारी का ऐलान किया। इस अवसर पर उन्होंने छातापुर के मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व और प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अगर उन्हें मौका मिला, तो वह इस क्षेत्र में दलालों और भ्रष्टाचार के प्रभाव को समाप्त कर वास्तविक विकास करेंगे।

संजीव मिश्रा ने कहा, अगर मुझे छातापुर की जनता का समर्थन मिला, तो हम यहां पर दलालों के प्रभाव को पूरी तरह समाप्त करेंगे और विकास की नई दिशा देंगे। छातापुर में जो कागजी योजनाएं बनीं, वे अब तक सिर्फ कागजों तक सिमित रही हैं। हम वास्तविक विकास करेंगे।

**कागजी विकास से नाराजगी :** उन्होंने छातापुर में विकास के नाम पर हुए कामों पर कटाक्ष करते हुए कहा, ₹यहां पर जो विकास दिखाया गया है, वह सिर्फ कागजों में हुआ है। अगर वास्तव में कोई विकास हुआ होता, तो छातापुर के लोग आज बेहतर जीवन जी रहे होते। लेकिन सच्चाई यह है कि छातापुर में आज भी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है।₹

**मूल मुद्दों पर जोर:** संजीव मिश्रा ने छातापुर के कई गंभीर मुद्दों को उठाया, जैसे झखाड़गढ़ पंचायत और रामपुर को जोड़ने वाली सुरसर नदी पर पुल की अनुपस्थिति, किसानों को बाढ़ के कारण फसल क्षति का मुआवजा न मिलना, और मुख्यालय में बुनियादी सुविधाओं की कमी। उन्होंने कहा, ₹सुरसर नदी पर पुल न होने के कारण हजारों लोग परेशान हैं, लेकिन इसके समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। किसानों को मुआवजा नहीं मिलता, जिससे उनकी स्थिति और भी खराब हो जाती है।

**बेरोजगारी और पलायन की समस्या:** संजीव मिश्रा ने छातापुर में बेरोजगारी और पलायन के बढ़ते स्तर को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ₹यहां के लोग रोज़गार की तलाश में दूसरे स्थानों पर पलायन कर रहे हैं। अगर मुझे मौका मिला, तो मैं इस समस्या को सुलझाऊंगा और हर व्यक्ति को रोजगार प्रदान करूंगा।

**आत्मनिर्भर छातापुर का वादा:** उन्होंने छातापुर को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया और कहा, ₹हम छातापुर को एक समृद्ध और आत्मनिर्भर क्षेत्र बनाएंगे, जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की कमी नहीं होगी। हम विकास के लिए एक नई दिशा देंगे, जहां हर व्यक्ति को उसका हक मिलेगा। संजीव मिश्रा ने अपने कार्यकर्ताओं से अपील की, ₹मेरे साथ जुड़ें और हम मिलकर छातापुर के भविष्य को संवारें। हम सिर्फ वादे नहीं करेंगे, बल्कि धरातल पर काम करेंगे और छातापुर को एक नया रूप देंगे।

**राजनीतिक समीकरण में बदलाव का संकेत :** संजीव मिश्रा के इस बयान से आगामी विधानसभा चुनाव में छातापुर में एक नए राजनीतिक मोड़ की संभावना जताई जा रही है। उनकी तीखी आलोचना और ठोस वादे ने क्षेत्र के मतदाताओं के बीच एक नई उम्मीद का संचार किया है, जो आगामी चुनावों में अहम साबित हो सकता है।

### डीआईजी ने किया सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवादाता।** कोसी रेंज के डीआईजी मनोज कुमार में मंगलवार को जिले के सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण के दौरान एसपी हिमांशु मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस कार्यालय के सभी कार्यों की समीक्षा करते हुए उनके द्वारा कई दिशा निर्देश दिए गए थे। डीआईजी मनोज कुमार ने बताया कि सिमरी अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान लूट पंजी, डकैती पंजी, त्रुटि पंजी सहित अन्य अभिलेखों और रिकॉर्ड का निरीक्षण किया गया था।

अनुमंडलीय पुलिस कार्यालय के अंतर्गत आने वाले थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए सभी थाना क्षेत्र के अपराधिक हॉटस्पॉट को चिन्हित करने का सख्त निर्देश दिया गया था। साथ में उन हॉटस्पॉट पर लगातार पुलिस गस्ती किए जाने के लिए निर्देश दिए गए थे। अनुमंडल पुलिस कार्यालय के सभी कांडों की समीक्षा की गई थी। जिसके बाद लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। साथ ही अनुमंडलीय पुलिस कार्यालय में उच्च कोटि की साफ सफाई रखने, आने वाले पीड़ित और फरियादियों की फरियाद को सुनकर उन्हें त्वरित निष्पादन करने का भी निर्देश दिया गया था। जिससे पुलिस की छवि आम लोगों के बीच बेहतर हो सके। मौके पर सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर सहित सभी संबंधित थाना अध्यक्ष और अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## सहरसा प्रधान मंत्री आवास योजना रिश्वत लेने की शिकायत डीएम को आवेदन

लोकतंत्र की आवाज

**पतरघट सहरसा संवादाता।** बताते चले कि कमिशन खोरी व रिश्वत खोरी क्षेत्रों में थमने का नाम नहीं ले रहा है। बाबुओं व जनप्रतिनिधि कर्मी की मनमानी व लचर व्यवस्थाएं किसी से छुपा नहीं हैं। यदि कोई यदि कोई इनके ऊपर आवाज उठा दे तो सरकारी काम कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज करवा देगा नित नियति बन गया क्षेत्रों में चाहे कोई भी मामला बिना चढ़ावे का कुछ होता ही नहीं है।

पतरघट पंचायत ग्रामीण के द्वारा आयुक्त, डीएम, व डीडीसी को आवेदन देकर पीएम आवास योजना की बन रही प्रतीक्षा सूची के नाम पर मुखिया पति अमित कुमार व अन्य लोगों पर राजेश यादव, राजा, रामदेव शर्मा, मुन्न मुर्शीद आलम व कई लोगों ने कहा कि मुखिया पति की मिलीभगत से आवास सहायक गगन झा मनरेगा रोजगार सेवक उपेन्द्र पासवान द्वारा प्रतिक्षा सूची में नाम जोड़ने जीओटैग के नाम पर प्रत्येक लाभार्थी से मोटी रकम मांग किया जा रहा है आवेदक ने अपनी सारी समस्या डीएम को बताया आवेदन को गंभीरता से लिया गया है।

## परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा ने प्रयागराज संगम में आस्था की लगाई डुबकी

- संगम की पवित्र धारा में डुबकी लगाकर देशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना की



लोक तंत्र कीआवाज

**प्रयागराज।** पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा ने अपने परिवार के साथ प्रयागराज पहुंचकर यहां के पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने परिषद द्वारा लगाए गए शिविर का भी मुआयना किया और शिविर चला रहे कोर कमेटी के सदस्यों से बातचीत की।

महाकुंभ के इस दिव्य अवसर पर पंडित अजय झा ने संगम की पवित्र धारा में डुबकी लगाते हुए अपने और सम्पूर्ण देशवासियों के लिए सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता को नमन करते हुए इसे देशवासियों के लिए प्रेरणा और आशीर्वाद का प्रतीक बताया।

पंडित अजय झा ने कहा कि ऐसी श्रद्धेय यात्रा न केवल आंतरिक शक्ति का संचार करती है, बल्कि यह सामूहिक विकास की भावना को भी जागृत करती है। उनके अनुसार, महाकुंभ का यह आयोजन हर व्यक्ति को आत्मिक शांति और सामाजिक समरसता की ओर अग्रसर करता है। इस मौके पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी संजू झा, एकलौता पुत्र नितिन झा, पुत्रवधु और अन्य परिजनों ने भी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

## सहरसा बाबा साहब अंबेडकर शोध संस्थान के निर्माण की मांग अनुसूचित जाति व जनजाति द्वारा किया गया

लोकतंत्र की आवाज



रंजीत सक्सेना

**सहरसा संवाददाता।** जज्बा सोच का सलाम हरेक कार्य के लिए प्रयास होना चाहिए सफलता जरूर मिलेगा सिर्फ हौसला व ऊंची सोच को सरजमीन पर संवरता है नए मंजिल को हम सब को मिलकर आगे चुनना व निर्माण व लक्ष्य के साथ साथ आगे बढ़ना लाखों मुसीबतें आएगी फिर कोशिश करना हार नहीं मानना।

वीर के तरह आगे बढ़ना दिनांक-18-02-2025 को अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण मंत्री माननीय श्री जनक चमार जी से अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ, सहरसा संघीय पदाधिकारी के द्वारा आत्मीय मुलाकात कर बाबा साहब डा0 भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल के बगल उत्तर-पश्चिम में मत्स्य विभाग की खाली जमीन पर बाबा साहब अम्बेडकर शोध-संस्थान का निर्माण एवं अम्बेडकर पुस्तकालय, सुपर बाजार, सहरसा का जीर्णोद्धार के संबंध में मॉग पत्र देकर अवगत कराया गया। जिसमें निम्नलिखित पाँच सदस्यीय संघीय पदाधिकारी मिथिलेश कुमार (उपाध्यक्ष), बिनोद कुमार राम (सचिव), विवेक कुमार विभाकर (संयुक्त सचिव), मुकेश कुमार (कोषाध्यक्ष),चन्दन कुमार पासवान (मिडिया प्रभारी), संजय कुमार रजक (मिडिया प्रभारी-2) शामिल हुए।

### बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**सौर बाजार सहरसा संवादाता।** सौर बाजार प्रखंड के कांप पश्चिमी पंचायत में कोसी लोक मंच सहरसा और ग्राम पंचायत कांप पश्चिमी के संयुक्त तत्वावधान में पंचायत भवन परिसर, कांप पश्चिमी में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का बैठक उपमुखिया के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में वार्ड सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षा समिति के सदस्य, आगनवाड़ी सेविका, आशा, समाजसेवी एवं अन्य ग्रामीण ने भाग लेकर बाल विवाह मुक्त भारत बनाने एवं बाल मजदूरी रोकने हेतु बच्चों के हित में योजना बनाने और ग्राम सभा में प्रस्तावित करने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नियमित अंतराल पर बाल संरक्षण समिति का बैठक मुखिया जी अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय छौना में बाल विवाह मुक्त कटिहार जागरूकता अभियान आयोजित




लोक तंत्र की आवाज

- बाल विवाह का आयोजन एक संगिनी अपराध है: विश्वजीत कुमार सरकार

**कटिहार।** जिले के कदवा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय छौना में बाल विवाह मुक्त कटिहार जागरूकता अभियान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन तथा राहत संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाई गई। जागरूकता अभियान की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक विश्वजीत कुमार सरकार ने किया। जागरूकता अभियान का संचालन संस्था के विधिक सलाहकार प्रवीण कुमार झा ने किया।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विश्वजीत कुमार सरकार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह के लिए शिकायत दर्ज कर सकता है। ऐसा व्यक्ति जिसके पास बाल विवाह आयोजन के बारे में विश्वास करने का समुचित कारण हो, ऐसा व्यक्ति जिसके पास बाल विवाह के आयोजन की जानकारी हो, बच्चे के माता-पिता या अभिभावक, बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी या उनके द्वारा नियुक्त व्यक्ति होते हैं।शिक्षक, डॉक्टर, एएनएम, आशा,आंगनबाड़ी सेविका, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, समाज के बड़े बुजुर्ग, पड़ोसी आदि विश्वास सूत्रों के आधार पर गैर सरकारी संस्था के द्वारा चुकी बाल विवाह का आयोजन एक संगिनी अपराध है।

प्रधानाध्यापक विश्वजीत कुमार सरकार ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बाल विवाह मुक्त कटिहार शपथ दिलाई। प्रधानाध्यापक विश्वजीत कुमार सरकार ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत धारा 10 के तहत बाल विवाह का आयोजन करने वाला प्रोत्साहित करने वाले व्यक्ति को दंडित किया जा सकता है। धारा 9 तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र का लड़का यदि किसी लड़की से विवाह करता है। बच्चे की देखभाल करने वाला व्यक्ति, कोई अन्य व्यक्ति दोनों पक्ष के माता-पिता या अभिभावक दोनों पक्ष के रिश्तेदार या मित्र, दोनों पक्ष के पड़ोसी जिन्होंने बाल विवाह में भाग लिया हो या योगदान दिया हो।

संस्था के विधिक सलाहकार सह सीनियर अधिवक्ता सह निवर्तमान सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रवीण कुमार झा ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के धारा 2 (ए) के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़का जो बच्चे के रूप में परिभाषित किया गया है। इसका अर्थ है की लड़कियों के लिए विवाह का न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए विवाह का न्यूनतम सीमा उम्र 21 वर्ष है। यहां यह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 में केवल विवाह के लिए कानूनी उम्र तय की गई है। इसमें किसी प्रकार से बच्चे की उम्र को परिभाषित नहीं किया गया है।

संस्था के विधिक सलाहकार प्रवीण कुमार झा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता 1989 के अनुसार बच्चा का अर्थ हर उसे व्यक्ति से है जिसे अब तक 18 वर्ष की आयु अब तक पूर्ण नहीं किया हो। जब तक बाल्यावस्था की आयु सीमा निर्धारण हेतु कोई कानून नया कानून न हो। यद्यपि भारतीय वयस्कता अधिनियम 1875 के अंतर्गत भारत में निवास करने वाला व्यक्ति प्रत्येक व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर व्यवस्था की आयु प्राप्त करेगा। विद्यालय के शिक्षिका कैलाश कुमार महतो,सुदर्शन कुमार विश्वास, कुमारी शिप्रा स्वरुप, ममता कुमारी, किरण माला, किरण कुमारी,शालेहा बेगम, शिक्षा सेवक सरस्वती कुमारी सहित राधा देवी, करुणा देवी, तनुजा देवी,कारी देवी ने भी विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं को बाल विवाह मुक्त कटिहार के बारे में जानकारी दिया।

## अररिया के पूर्व सैनिकों ने जिला पदाधिकारी से मिलकर समस्याओं का समाधान मांगा, जिला प्रशासन ने शीघ्र निवारण का दिया आश्वासन

लोक तंत्र कीआवाज



- सौंपे गए ज्ञापन में पूर्व सैनिकों ने भूमि विवाद, पेंशन, झूठे मुकदमे और अन्य समस्याओं का किया है उल्लेख

**अररिया।** अररिया जिले के पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याओं को लेकर अररिया जिला पदाधिकारी अनिल कुमार से मुलाकात की और उन्हें अपनी विभिन्न परेशानियों से अवगत कराया। इन समस्याओं में भूमि विवाद, राजस्व विवाद, वीर नारियों की पेंशन से संबंधित समस्याएं, झूठे मुकदमे में फंसने की शिकायतें, और लंबे समय से अनुसरण समिति की बैठक न होने के कारण उत्पन्न हुई अन्य समस्याएं शामिल थीं।

जिला पदाधिकारी अररिया ने सभी पूर्व सैनिकों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र और त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे किसी भी समय कार्यालय में आकर, या फोन और व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी समस्याओं को दर्ज कर सकते हैं, और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

पूर्व सैनिकों ने बताया कि जब वे सदर डीएसपी अररिया से मिले, तो उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों को सम्मानपूर्वक अपने कार्यालय में बैठाया और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इसके साथ ही यह भी बताया कि जिले में सैनिक हेल्प डेस्क का गठन किया गया है, जिसमें सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और सैनिक परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए इंस्पेक्टर मुकेश कुमार को नियुक्त किया गया है। पूर्व सैनिकों ने यह भी कहा कि अगर जिला प्रशासन को कभी उनकी मदद की आवश्यकता पड़ी, तो वे पूरी तरह से जिला प्रशासन के साथ खड़े रहेंगे और सभी अपेक्षित सेवाएं देने के लिए तैयार हैं।

पूर्व सैनिक सेवा परिषद अररिया के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया, जिनमें कैप्टन डीएन झा (परम मंडलीय प्रभारी), खगेंद्र प्रसाद यादव (अध्यक्ष), रणजीत कुमार सिंह (उपाध्यक्ष सह कानूनी सलाहकार), दयानंद रजक (सचिव), नंदन कुमार (कोषाध्यक्ष), मोहन मेहता (कोषा उपाध्यक्ष), चंदन यादव, अखिलेश कुमार, नारायण यादव, सूबेदार धीरज चौधरी, रामदेव मेहता और दर्जनों अन्य पूर्व सैनिक शामिल थे।

पूर्व सैनिकों ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर समस्याओं के समाधान की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की और उन्हें भरोसा दिलाया कि वे हर हाल में प्रशासन के साथ सहयोग करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### जिला स्थापना समिति व अनुकम्पा समिति की बैठक संपन्न



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
साहिबगंज। कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक की गई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 14 मामलों को रखा गया। बैठक में उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक–एक कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। दस्तावेजों में संलग्न आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है। साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है। उसको पूर्ण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया। स्थापना की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों का पदस्थापन, स्थानांतरण नहीं किया गया है। वैसे लिपिक संवर्ग के कर्मियों के आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा समेत अन्य उपस्थित थे।

### राजकीय इटखोरी महोत्सव का हुवा आगाज, पर्यटन विभाग मंत्री श्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया शुभारंभ



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
इटखोरी( झारखंड) ।राज्य के पर्यटन विभाग मंत्री श्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आज चतरा जिला के इटखोरी प्रखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध माँ भद्रकाली मंदिर परिसर में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का माननीय पूर्व मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता जी के गरिमामयी उपस्थिति में माँ की पूजा अर्चना कर एवं दीप प्रज्वलित कर भव्य शुभारंभ किया। कार्यक्रम को माननीय मंत्री श्री सुदिव्य कुमार एवं माननीय पूर्व मंत्री श्री भोगता जी सम्बोधित कर सभी को महोत्सव की बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम में उपायुक्त श्री रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय, जिलापरिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती रश्मि प्रकाश, सिमरिया विधानसभा पूर्व प्रत्याशी मनोज चंद्रा, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, बौद्ध जैन धर्मावलंबी गुरु समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

### पलामू के मनातू में जंगल से दो शव बरामद, शिकार के दौरान हत्या की आशंका



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
पलामू( झारखंड)। जिले के मनातू थाना क्षेत्र के राजखेता जंगल से दो युवकों का शव बरामद किया गया है. एक की पहचान मनातू थाना क्षेत्र के चुनका निवासी दिनेश कुमार के रूप में हुई है. जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस को घटनास्थल से एक टूटी हुई राइफल भी मिली है. वहीं मौके से एक बैग भी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है. दरअसल, मनातू थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि राजखेता के जंगल में दो युवकों का शव पड़ा हुआ है. इस सूचना के आलोक में मनातू थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को बरामद किया. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि एक की पहचान हो गई है जबकि दूसरे की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस पूरे मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है. उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि कुछ लोगों का गिरोह शिकार के लिए जंगल में गया था. शिकार के दौरान संघर्ष या ऐसी कोई घटना हुई जिसमें दोनों की मौत हो गई. पुलिस ने बिहार के चतरा और गया से भी संपर्क कर पता लगाया है कि उनके इलाके में कोई गुमशुदगी या ऐसी कोई घटना तो नहीं हुई है. दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है और मामले की जांच कर रही है. जिस इलाके में शव मिला है, वहां कुछ लोगों ने पेड़ काटकर ग्रामीण सड़क पर फेंक दिया है।

# रास नहीं आ रहा तो पलामू से विदा ले लीजिए महोदय! वित्त मंत्री ने खुले मंच पर जिला पशुपालन पाधिकारी को सुनाई खरी खोटी

लोकतंत्र की आवाज़

● पलामू में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर एक अधिकारी पर भड़क गए और पलामू से विदा लेने की बात कह डाली



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** रास नहीं आ रहा तो पलामू से विदा ले लीजिए महोदय, 45 वर्ष से राजनीति में हूं, मुझे मत सिखाइए, यह कहना है झारखंड सरकार में मंत्री राधाकृष्ण किशोर का. जिन्होंने खुले मंच से अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई और पलामू जिला के लिए कुछ बेहतर करने के लिए हाथ जोड़कर विनती की.

दरअसल, जिले के शिवाजी मैदान में झारखंड सरकार में वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर प्रमंडलस्तरीय कृषि मेला को संबोधित करने के लिए खड़े हुए थे. संबोधन से पहले वित्त मंत्री ने पलामू के पशुपालन पदाधिकारी से विभाग के लक्ष्य और उपलब्धि के बारे में जानकारी मांगी थी. लेकिन उन्हें जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई.

मंच पर संबोधन के दौरान मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पशुपालन पदाधिकारी से जानकारी मांगी थी, वो नहीं मिला. इसी बीच पशुपालन पदाधिकारी उनके पास डाटा लेकर पहुंचे. अधिकारी न जब मंत्री को डाटा दिखाया तो मंत्री डाटा देख कर अधिकारी पर भड़क गए. मंत्री ने इस दौरान कहा कि लक्ष्य के मात्र 20 प्रतिशत लाभ प्राप्त हुआ है.

गाय और मवेशी किन्हें दि जा रहा है! शहर के इर्द गिर्द रहने वाले लोगों को गाय–भैंस मिलते हैं, किसानों को नहीं मिलता है. इस दौरान वित्त मंत्री ने अधिकारी से कहा कि पलामू रास नहीं आ रहा तो महोदय विदा ले लीजिए. उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों का सम्मान करते हैं. लेकिन परफॉर्मेंस खराब रहेगा तो पलामू जैसे जिले में इनकी जगह नहीं है. वहीं वित्त मंत्री ने मेला में पहुंचने वाले किसानों के बारे में जानकारी ली. प्रमंडल स्तरीय कृषि मेला में लातेहार जिला से सबसे कम किसानों की उपस्थिति थी. इसको लेकर भी वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अधिकारियों को मंच पर बुलाकर चेताया।

## जरमुंडी में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल,एक रेफर



**लोक तंत्र कीआवाज**

**मेमोलेट शेख**
**जरमुंडी(दुमका)।** जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को दो अलग–अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिसमें एक घायल को फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार पहली घटना दुमका देवघर मुख्य मार्ग पर जरमुंडी मुख्य बाजार स्थित रूद्राश्री वस्त्रालय के समीप घटी जहां एक अज्ञात वाहन के द्वारा बाइक सवार को ठोकर मार दिया गया, जिसमें दो युवक जयराम मंडल 40 वर्ष पिता विष्णु मंडल ग्राम जराकुरवा,थाना जरमुंडी निवासी एवं दूसरा युवक मुरारी शर्मा 38 वर्ष ग्राम कुशवाद निवासी घायल हो गया।

वहीं दूसरी घटना राहुल दास उम्र 28 वर्ष पिता योगेंद्र दास जरमुंडी थाना के मदनपुर निवासी अपनी मां को तालझारी थाना क्षेत्र के चोरडिहा गांव मे छोड़कर वापस घर आ रहा था इसी क्रम में मधुबन गांव के पास अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मार दिये जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों घायल युवकों को जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉक्टर प्रभास कुमार प्रभाकर एवं ड्रेसर कुंदन कुमार द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। इस घटना में राहुल दास के गंभीर रूप से घायल हो जाने के कारण डॉक्टर द्वारा बेहतर इलाज के लिए उसे फूलो झानो मेडिकल कालेज अस्पताल दुमका रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी पाकर मदनपुर गांव के दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष, बच्चे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलों के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र में घायलों का इलाज कराने में सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल, ओंकार दास ,राजेश दास, शंकर दास ,बंटू दास ,पांडेश्वर दास, गौतम दास आदि के द्वारा काफी सहयोग किया गया।

## कोल वाहन ने मचाया आतंक दहशत में ग्रामीण, बाल– बाल बचे लोग

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**टंडवा (चतरा)टंडवा।** बालूमाथ बायपास ग्रामीण सड़क का उपयोग कोयले की ढुलाई भाड़ा बचत करने के लिए इन दिनों बेधड़क किये जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा है। मंगलवार अहले सुबह तेज रफ्तार अनियंत्रित हायवा जेएच 24 जे 9059 ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय सराढू में ज़ोरदार टक्कर मारकर बाउंड्री वॉल तथा गेट को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो घटना अहले सुबह लगभग चार बजे की है, टक्कर काफ़ी जोरदार था। चपेट में आने से कई बिजली के पोल समेत आसपास लगे सोलर लाइट भी उखड़ गये। गनीमत रहा कि आसपास खड़े कई लोग अपनी जान गंवाने से बाल बाल बचे। बता दें भारी वाहनों के परिचालन से ग्रामीणों को अपने जान माल की चिंता सताने लगी है। मामले को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंबेडकर कुमार ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर ग्रामीणों ने भी अपने जानमाल की सुरक्षा हेतु ग्रामीण सड़क का दोहन कर हो रहे कोल वाहनों के परिचालन पर अविलंब रोक लगाने की मांग प्रशासन से कर रहे हैं।एक सप्ताह पूर्व हीं प्रस्तावित उच्च विद्यालय बिंगलात के मेन गेट तथा बाउंड्री वॉल को अज्ञात कोल वाहन ने क्षतिग्रस्त कर दिया था।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में उपद्रवियों ने मंगलवार की देर रात की तोड़फोड़

**लोक तंत्र कीआवाज**



**मेमोलेट शेख**
**रामगढ़(दुमका)।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के ठाड़ी हाट बाजार में मंगलवार से शुरू हुए सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा पंडाल में उपद्रवियों द्वारा मंगलवार की देर रात तोड़फोड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। भागवत कमिटी के अध्यक्ष सुशांत सेन ग्रामीण सुरेश गुप्ता, डिप्टी मांझी सहित आधा दर्जन लोगों ने बुधवार की सुबह रामगढ़ थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत की है।

ग्रामीणों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में रामगढ़ थाना पुलिस ने ठाड़ी हाट गांव पहुंचकर भागवत कथा पंडाल का निरीक्षण करने के बाद तोड़फोड़ की घटना में मुख्य रूप से शामिल सुमन सेन को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाना लाया है। जबकि अन्य दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। भागवत कमिटी के द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन के अनुसार मंगलवार की रात करीब 11 बजे पहले दिन की भागवत कथा समाप्त होने के बाद सभी अपने अपने घर चले गए। कथा पंडाल की निगरानी करने के लिए कुशवाहा टेंट हाउस रामगढ़ के सौरभ कुशवाहा, मजदूर छोटू कुमार, प्रमोद कुमार एवं कटकी पंडा बैठे हुए थे रात करीब 12 बजे ठाड़ी हाट गांव के सुमन सेन मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत असना गांव के नवीन सिंह तथा एक अज्ञात युवक पंडाल में घुस आए तथा मजदूरों से एक लाख रुपए रंगदारी की मांग करते हुए तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। पूजा के लिए बनाए गए बेदियों सहित अन्य सामग्रियों को उपद्रवियों के द्वारा नष्ट कर दिया गया। रंगदारी नहीं देने पर पंडाल में आग लगाने की भी बात बदमाशों के द्वारा कही गई है। मना किए जाने पर बदमाशों ने चाकू से सौरभ कुशवाहा पर वार कर दियो चाकू के वार से बचने के दौरान सौरभ कुशवाहा की हथेली कट गई है।

वहीं मजदूरों को भी चोट लगी है। शोरगुल सुनकर जबतक आसपास के ग्रामीण जुटने शुरू हुए तब तक अंधेरे का फायदा उठाकर उपद्रवी भाग चुके थे। सभी घायलों का रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के बाद छुट्टी दे दी गई है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर, भागवत कमिटी के द्वारा सात दिनों तक चलने वाले श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने की मांग की गई है।

## पलामू डीसी का कैंप कार्यालय हुसैनाबाद और छतरपुर में होगा शिफ्ट! ट्रेन से जाएंगे अधिकारी

लोकतंत्र की आवाज़





● हुसैनाबाद और छतरपुर के लोगों के लिए खुशखबरी है. अब दोनों अनुमंडल क्षेत्र के लोगों को पलामू समाहरणालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** डीसी का कैंप कार्यालय महीने में एक दिन हुसैनाबाद और एक दिन छतरपुर अनुमंडल कार्यालय में शिफ्ट होगा. डीसी से लेकर सभी पदाधिकारी ट्रेन से हुसैनाबाद जाएंगे. महीने के दूसरे गुरुवार को हुसैनाबाद, जबकि चौथे शानिवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय में डीसी का कैंप कार्यालय शिफ्ट होगा. दोनों अनुमंडल कार्यालय में पलामू समाहरणालय के सभी पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहेंगे.

**पलामू प्रशासन की पहल :** बता दें कि पलामू समाहरणालय से हुसैनाबाद की दूरी सड़क मार्ग 98 किलोमीटर है, जबकि छतरपुर की दूरी 48 किलोमीटर है. हुसैनाबाद और छतरपुर के लोगों की सुविधा को देखते हुए पलामू जिला प्रशासन ने यह पहल की है. फिलहाल इसकी शुरुआत हुसैनाबाद और छतरपुर अनुमंडल से की जा रही है. बाद में मनातू और पांकी जैसे इलाके के ग्रामीणों के लिए भी यह पहल की जाएगी. पलामू डीसी शशि रंजन ने कहा कि हुसैनाबाद और छतरपुर सुदूरवर्ती इलाका है. महीने के दूसरे गुरुवार को हुसैनाबाद, जबकि चौथे शनिवार को छतरपुर में कैंप कार्यालय शिफ्ट किया जाएगा. समाहरणालय के सभी पदाधिकारी दोनों जगहों पर जांएगे. जनता की सभी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा. सुदूरवर्ती इलाके के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए यह पहल की जा रही है.

27 फरवरी से पलामू के हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में डीसी का कैंप कार्यालय लगाया जाएगा. पलामू के सभी अधिकारी ट्रेन से हुसैनाबाद जाएंगे. हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में हुसैनाबाद हैदरनगर और मोहम्मदगंज प्रखंड है. वहीं छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में छतरपुर, नौडीहा बाजार, हरिहरगंज और पिपरा प्रखंड है. दोनों जगहों पर डीसी का जनता दरबार भी लगेगा, जहां जनता की समस्याओं का ऑन–द–स्पॉट निष्पादन किया जाएगा।

## संदिग्ध हालत में मिली कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल की अकाउंटेंट, डॉक्टर ने मृत घोषित किया

लोकतंत्र की आवाज़



● पलामू के पाटन कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल के अकाउंटेंट की संदिग्ध हालत में मौत हो गई. पुलिस जांच में जुटी है

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** जिले के पाटन कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल के अकाउंटेंट प्रियंका कुमारी का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है. वो संदेहास्पद हालत में अपने कमरे में मिली थी. पुलिस जब उनके कमरे से अस्पताल ले जा रही थी तो, उनकी सांसें चल रही थी. उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया


घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन अस्पताल में पहुंच गए हैं. पाटन के थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि अकाउंटेंट कमरे में अचेत अवस्था में मिली थी, जिस वक्त पुलिस मौके पर पहुंची थी उनकी सांसें चल रही थीं. उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था.

हॉस्पीटल ओपी के प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि हॉस्पीटल पहुंचने के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. प्रियंका कुमारी पलामू के कस्तूरबा स्कूल में अकाउंटेंट के पद पर थी. प्रियंका कुमारी के पति रांची में रोजगार सेवक हैं. उनकी शादी पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के सडमा के रहने वाले प्रेमचंद कुमार रजक के साथ हुई थी. पाटन कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल में वो अगस्त 2023 से तैनात थी. पाटन कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल के वार्डन सुषमा कुमारी ने बताया कि वो बच्चों की परीक्षा की तैयारी करवा रही थी. इसी क्रम में स्कूल का गार्डन उनके पास आया और प्रियंका मैडम के बारे में जानकारी मांगी थी. गार्ड ने उन्हें बताया कि पति का लगातार कॉल आ रहा है और मैडम फोन नहीं उठा रही हैं. बाद में वह अकाउंटेंट के आवास में गए एवं काफी देर तक दरवाजा पीटा और चिल्लाया. लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया था. बाद में एक मिस्त्री को बुलाया गया. मिस्त्री खिड़की को तोड़कर दरवाजे के अंदर दाखिल हुआ।

## हरदिया टांड़ रेलवे ट्रैक से अज्ञात महिला का शिला ओपी पुलिस ने शव बरामद किया

**सनसनी**

लोकतंत्र की आवाज़



● महिला को हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए रेलवे ट्रैक पर फेंका

**निशांत तिवारी , प्रभारी झारखंड**
**सिमरिया(झारखंड)।** सिमरिया थाना के शिला ओपी थाना क्षेत्र के चौपे बडगांव के हरदिया टांड़ रेलवे ट्रैक के नाली में पड़ा एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है। बरामद शव कहां का है यह अभी तक खुलासा नहीं हो पाई है। जिस तरह शव को रेलवे ट्रैक के नाली में फेंका गया है ।उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उक्त महिला को हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए रेलवे ट्रैक के नाली में फेंक दिया गया है।

शव मिलने से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। इधर शव को शिला ओपी प्रभारी राहुल कुमार दुबे ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा अज्ञात महिला का शव हरदिया बडगांव रेलवे ट्रैक के नाली में फेंका हुआ देख ग्रामीणों ने जानकारी दिया ।जानकारी के बाद शिला ओपी पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उक्त महिला कत्था कलर की सलवार और समीज पहनी हुई है लगभग 40से 45 वर्ष आयु की लग रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि जिस परिजन को लगे कि यह महिला उसके परिवार का है तो अविलंब शिला ओपी थाना में संपर्क कर शव ले जा सकते हैं।

# योजनाओं को धरातल पर सक्रिय रूप से उतरने का निर्देश

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह,झारखंड।** जिला ग्रामीण विकास एजेंसी डी. आर. डी. ए. का काम ग्रामीण इलाकों में विकास करना होता है तथा ग्रामीण आबादी की जरूरत को पहचान कर योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक लागू करवाना होता है। इसी क्रम में आज डीआरडीए निदेशक श्री रंथू महतो जी के द्वारा संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देश दिए गए एवं गिरिडीह जिला अंतर्गत केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा उचित प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज निदेशक डीआरडीए, श्री रंथू महतों ने गांडेय प्रखंड के बरमसिया 1 और दासडीह पंचायत में मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मनरेगा के तहत आवास योजना, आम बागवानी, डोभा, अबुआ आवास योजना, मईया सम्मान योजना समेत विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने संबंधित पंचायत के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ मिल रहे है, या नहीं, इसकी जानकारी प्राप्त की तथा अबुआ आवास योजना, मईया सम्मान योजना समेत विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त करें, इससे संबंधित उपाय भी बताएं। साथ ही उन्होंने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द कराएं तथा सरकारी सुविधाओं और योजनाओं का लाभ दिलाने में इनकी मदद करें।

इसके पश्चात निदेशक डीआरडीए, श्री रंथू महतों ने गांडेय प्रखंड सभागार में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की बारी–बारी से समीक्षा की तथा सभी संचालित योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उन्होंने मनरेगा, मईया सम्मान योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, आम बागवानी योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी/बीपीओ/ रोजगार सेवक को बेहतर कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप आवास योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया तथा मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को गति के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने हेतु निर्देश दिया।

